{ विश्वास वही रफ्तार नई }

बालाघाट
मंगलवार 21 अप्रैल 2026
वैशाख शुक्ल 04 विक्रम सम्वत 2083
वर्ष 16, अंक 206
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

पद्मेश मीडिया समूह का प्रकाशन

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

सेंसेक्स - 78,520.30
निफ्टी - 24,364.85
सोना - 1,55,290
चांदी - 2,75,000
डॉलर - 93.12

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

## राहुल गांधी की नागरिकता वाले मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज ने खुद को किया सुनवाई से अलग

लखनऊ। एजेंसी।

*भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की नागरिकता के मामले में सुनवाई के बीच जस्टिस सुभाष विद्यार्थी ने मामले से खुद को अलग कर लिया है। जस्टिस सुभाष विद्यार्थी के मामले से अलग होने का फैसला ऐसे वक्त में आया है जब मामले में याची विग्नेश शिशिर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर अलग-अलग पोस्ट्स में कोर्ट पर एकतरफा होने का आरोप लगाया। पिछले दिनों इस मामले में राहुल गांधी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की बात शुरू हुई थी। इसके बाद मामले से जु? अन्य तथ्यों पर सुनवाई के लिए कोर्ट ने अगली तारीख तय कर दी थी।*



इससे याचिका पर सुनवाई के दौरान इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया। कोर्ट ने बीजेपी कार्यकर्ता विग्नेश शिशिर की सोशल मीडिया पोस्ट पर नाराजगी जताते हुए कहा कि इस तरह की टिप्पणियां न्यायपालिका की छवि को प्रभावित करती हैं और इन्हें बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सुनवाई के बीच जस्टिस विद्यार्थी ने मामले से खुद को अलग कर लिया और केस को आगे की कार्रवाई के लिए दूसरी पीठ के पास भेज दिया। मामले की सुनवाई के दौरान आवेदक शिशिर ने अदालत से अनुरोध किया कि इस केस को दो दिन बाद लिया जाए, जिस पर हाईकोर्ट ने कहा कि जब मामला सूचीबद्ध हो, तभी अपनी बात रखें। बाद में शिशिर ने अपनी दलीलें रखने की कोशिश की, लेकिन कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि अब उनकी दलीलें नहीं सुनी जाएंगी। आदेश पारित करते हुए अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता ने सोशल मीडिया पर ऐसे पोस्ट किए हैं जिनमें कोर्ट पर 'गड़बड़ी' के आरोप लगाए गए हैं और यह अदालत की छवि को धूमिल करने वाला है।

कोर्ट ने यह भी उल्लेख किया कि एक अन्य पोस्ट में उन्होंने आम लोगों से अपील की थी कि वे भारत के मुख्य न्यायाधीश को लिखकर इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को निर्देश देने को कहें कि आदेश की टाइप कॉपी खुले कोर्ट में पढ़ी जाए। अदालत ने कहा कि ऐसे पोस्ट कोर्ट पर कीचड़ उछालने जैसे हैं और यह भी देखा गया कि शिशिर जनता से यह राय मांग रहे थे कि क्या उन्हें इसी पीठ के सामने मामला जारी रखना चाहिए, जिससे कोर्ट की गरिमा प्रभावित हुई है।

सुनवाई के दौरान जस्टिस विद्यार्थी ने खुद को मामले से अलग कर लिया। कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि इस मामले में वकील, जिनमें राज्य सरकार के वकील और डिप्टी सॉलिसिटर जनरल भी शामिल हैं, सही कानून और संबंधित केस लॉ अदालत के सामने रखने में विफल रहे। अदालत ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि अदालत के खिलाफ बोलना कैसे उचित हो सकता है और शिशिर ने अपने राजनीतिक लाभ के लिए कोर्ट का इस्तेमाल किया है, साथ ही मीडिया में दिए गए उनके बयान भी आपत्तिजनक हैं। सरकार के वकील और डिप्टी एसजीआई ने भी कहा कि आवेदक के सोशल मीडिया पोस्ट का बचाव नहीं किया जा सकता। सुनवाई के अंत में शिशिर ने कहा कि उन्होंने पहले कोर्ट के आदेश की सोशल मीडिया पर सराहना भी की थी, लेकिन आज का आदेश एकतरफा है। इस पर जस्टिस विद्यार्थी ने कहा कि वे उनके आदेश को चुनौती दे सकते हैं। शिशिर ने जवाब दिया कि वे चुनौती देने नहीं आए हैं, बल्कि उनके अन्य पोस्ट भी देखे जाएं। इस पर जज ने टिप्पणी की कि इन सब वजहों से उन्हें खेद हुआ है और यह अनुचित है।

## खास खबर

### आजम और बेटे अब्दुल्ला की 7-7 साल की सजा बरकरार

रामपुर। सपा नेता आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को सात-सात साल की सजा सुनाई गई है। रामपुर कोर्ट ने पैन कार्ड फ्रॉड से जुड़े दो अलग-अलग मामलों में यह फैसला सुनाया। इससे पहले एमपी-एमएलए कोर्ट ने भी दोनों को सात साल की सजा दी थी। इसके खिलाफ आजम और उनके बेटे ने सेशन कोर्ट में अपील की थी। मामला 2019 का है, जब भाजपा नेता और रामपुर नगर विधायक आकाश सक्सेना ने कोतवाली सिविल लाइंस में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने अब्दुल्ला आजम पर अलग-अलग जन्मतिथि से दो पैन कार्ड बनवाने की शिकायत की थी। जांच में आजम खान को भी आरोपी बनाया गया था। लंबी सुनवाई के बाद रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने 17 नवंबर 2025 को दोनों को दोषी ठहराया था। कोर्ट ने दोनों को 7-7 साल की सजा सुनाई और 50-50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया।

### नेशनल हेराल्ड केस में सुनवाई टली

नई दिल्ली। नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को सुनवाई स्थगित कर दी है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 25 मई को होगी। ट्रायल कोर्ट ने 16 दिसंबर 2025 को सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया था। ईडी ने ट्रायल कोर्ट के उस फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी है। दिल्ली हाई कोर्ट ने 22 दिसंबर को सोनिया, राहुल समेत अन्य आरोपियों को नोटिस जारी किया था। मामले की सुनवाई जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा की बेंच कर रही है। ईडी ने आरोप लगाया है कि सोनिया, राहुल और अन्य ने साजिश के तहत एजेएल की करीब 2000 करोड़ रुपए की संपत्तियों पर कब्जा किया।

### डिजिटल अरेस्ट पर सीजेआई सूर्यकांत ने जताई चिंता

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट से जुड़ी बढ़ती ठगी की घटनाओं पर एक बार फिर गंभीर चिंता जताई है। सोमवार को सुनवाई के दौरान भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि यह बेहद चौंकाने वाली और चिंताजनक स्थिति है कि अच्छी शिक्षा प्राप्त लोग भी इस तरह के साइबर अपराध का शिकार हो रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची भी शामिल थे, डिजिटल अरेस्ट पीड़ितों से जुड़े स्वतः संज्ञान मामले पर सुनवाई कर रही थी। इस दौरान अटॉर्नी जनरल आर वेंकटारमानी ने अदालत को बताया कि इस मुद्दे पर लगातार बैठकें हो रही हैं और सरकार तेजी से आवश्यक कदम उठा रही है। उन्होंने मामले को 12 मई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया।

### कुछ ना कहना




## तीन दिवसीय जर्मनी दौरे पर जा रहे रक्षा मंत्री राजनाथ

नई दिल्ली। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 21 अप्रैल से शुरू हो रहे तीन दिवसीय जर्मनी दौरे पर जा रहे हैं, जिसका मुख्य उद्देश्य नई दिल्ली और बर्लिन के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करना है। इस दौरे के दौरान रक्षा मंत्री सिंह अपने जर्मन समकक्ष बोरिस पिस्टोरियस और अन्य वरिष्ठ नेताओं से भी बातचीत कर रहे है। सात वर्षों में पहली बार होगा जब कोई भारतीय रक्षा मंत्री जर्मनी का दौरा करेगा। इसके पहले, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने फरवरी 2019 में जर्मनी का दौरा किया था।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रक्षा मंत्री सिंह के इस दौरे से दोनों देशों के रक्षा उद्योगों के बीच चल रहे रक्षा सहयोग की समीक्षा करने और सहयोग के नए रास्ते तलाशने का मौका मिलेगा। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि चर्चा में रक्षा औद्योगिक सहयोग बढ़ाने, सैन्य-से-सैन्य संबंधों को मजबूत करने और साइबर सुरक्षा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और ड्रोन जैसे उभरते क्षेत्रों में मौकों की खोज पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। दोनों रक्षा मंत्रियों की उपस्थिति में संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा अभियानों के प्रशिक्षण में सहयोग हेतु एक रक्षा औद्योगिक सहयोग रोडमैप और कार्यान्वयन व्यवस्था पर हस्ताक्षर होने की संभावना है। केंद्रीय मंत्री सिंह की जर्मनी यात्रा के दौरान, भारत और जर्मनी के बीच भारतीय नौसेना के लिए छह उन्नत पारंपरिक पनडुब्बियों (प्रोजेक्ट 75आई) के सौदे पर हस्ताक्षर होने की संभावना है।

## पूर्व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा... संविधान डॉ. अंबेडकर नहीं, 242 सांसदों ने बनाया था

अयोध्या। अयोध्या में परशुराम जयंती के मौके पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कैसरगंज के पूर्व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह पहुंचे। संविधान निर्माण पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि संविधान केवल डॉ. भीमराव अंबेडकर ने ही नहीं, बल्कि 242 सांसदों ने मिलकर बनाया था।



बृजभूषण सिंह ने कहा कि 75 नहीं, 175 साल तक आरक्षण ले लो, लेकिन हमें आरक्षण नहीं चाहिए। इन 75 सालों में आपका कितना भला हुआ? मंडल आयोग आया, फिर भी पूरी तरह भला नहीं हुआ। हालांकि, कुछ लोगों का भला जरूर हुआ, लेकिन जो वास्तविक हकदार थे, उनको लाभ मिला। अगड़ों में जो पिछड़े बन गए, उनका भला हुआ, लेकिन लोहार, कुम्हार, बढ़ई और तेली जैसे पारंपरिक समुदायों का भला नहीं हुआ।उन्होंने आगे कहा कि काशी जी अब हमारे बीच नहीं हैं। वह एक समाजसेवी थे और उन्होंने बहुत काम किया। शुरुआती दिनों में जब वह भाषण देते थे, तब कलम के माध्यम से समझाते थे कि ऊपर सवर्ण, बीच में पिछड़ा और नीचे दलित हैं। अब इस व्यवस्था को बदलना होगा। काशी जी, आपकी कृपा से आपकी यह मनोकामना पूरी हुई। अगर आप आज अगड़े समाज को देखना चाहते हैं तो देख लीजिए- हम गौशालाओं में मजदूरी करते हैं, रिक्शा चलाते हैं और मंदिरों में श्रम करते हैं। हम सफाई कर्मचारी के रूप में भी कार्य कर रहे हैं। हमने यह तय कर लिया है कि हम आरक्षण का विरोध नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने सहमति से राजपाठ और जमींदारी छोड़ी। हमें इसका कोई पछतावा नहीं है, लेकिन आपके जीवन में अपेक्षित परिवर्तन नहीं आ रहा है। क्योंकि आपके समाज के कुछ असली और नकली लोग हैं, जो ऊँचे स्थानों पर बैठे हैं और आपको ऊपर नहीं आने देना चाहते।

## जयराम ने कहा- महिला आरक्षण की आड़ में सरकार के 'नापाक मंसूबे' हुए नाकाम

नई दिल्ली। महिला आरक्षण और परिसीमन को लेकर जारी राजनीतिक घमासान के बीच कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। पार्टी ने कहा कि सरकार के कथित नापाक मंसूबों की हार हुई है और यह संविधान तथा लोकतंत्र की जीत है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोमवार को कहा कि महिला आरक्षण के नाम पर परिसीमन को आगे बढ़ाने की कोशिश दरअसल फ्रबुलडोजर राजनीतिफ्र का हिस्सा थी, जो अब विफल हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र का असली एजेंडा महिलाओं को आरक्षण देना नहीं, बल्कि राजनीतिक लाभ हासिल करना है। कांग्रेस नेता जयराम ने कहा कि फ्रनारी शक्ति वंदन अधिनियमफ्र को सितंबर 2023 में सर्वसम्मति से पारित किया गया था, लेकिन इसे लागू करने में सरकार ने गंभीरता नहीं दिखाई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अधिनियम को लंबे समय तक लंबित रखने के बाद अचानक अधिसूचित किया गया, जिससे सरकार की मंशा पर सवाल उठते हैं। कांग्रेस नेता ने मांग की कि मौजूदा लोकसभा सीटों के आधार पर ही महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण तुरंत लागू किया जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि सरकार मानसून सत्र या मई के अंत तक एक संशोधन विधेयक लाकर इस दिशा में कदम उठाए। विवाद की जड़ में हाल ही में पेश किया गया संविधान (131वां संशोधन) विधेयक 2026 है, जिसे सदन में पर्याप्त समर्थन नहीं मिल सका। इस विधेयक के पक्ष में 298 और विरोध में 230 वोट पड़े, जबकि इसे पारित करने के लिए दो-तिहाई बहुमत आवश्यक था। रमेश ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उस बयान पर भी सवाल उठाया, जिसमें उन्होंने कहा था कि परिसीमन से किसी राज्य को नुकसान नहीं होगा। कांग्रेस का कहना है कि यदि ऐसा है तो इसे विधेयक में स्पष्ट रूप से शामिल क्यों नहीं किया गया। इसके अलावा, कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार जातीय जनगणना जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को नजरअंदाज कर रही है और महिला आरक्षण के नाम पर राजनीतिक एजेंडा आगे बढ़ा रही है।

## पीएम मोदी हताषा में कह रहे कन्या भ्रूण हत्या की बात-खरगे

### कांग्रेस ने कहा- यह महिलाओं का सशक्तिकरण नहीं

नई दिल्ली। शुक्रवार को लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक की हार के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर कन्या भ्रूण हत्या का आरोप लगाया, इसके बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी पर पलटवार कर उन्हें हताश बताया। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि इस बिल को राजनीतिक लाभ के लिए महिलाओं के आरक्षण के उपाय के रूप में गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह महिलाओं का सशक्तिकरण नहीं है। कांग्रेस नेता खरगे ने कहा कि बीते 12 वर्षों में कुछ भी सार्थक न कर पाने वाले हताश और निराश प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्र के नाम अपने आधिकारिक संबोधन को कीचड़ उछालने और सरासर झूठ बोलन के कुछ नहीं किया। आचार सँहिता पहले से ही लागू है और स्पष्ट था कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने विरोधियों पर हमला करने के लिए सरकारी तंत्र



का दुरुपयोग कैसे किया। यह लोकतंत्र और भारत के संविधान का घोर अपमान है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने कांग्रेस का 59 बार जिक्र किया और महिलाओं का केवल कुछ ही बार। इससे देश को उनकी प्राथमिकताओं के बारे में पता चलता है। महिलाएं भाजपा की प्राथमिकता नहीं हैं। कांग्रेस है, क्योंकि कांग्रेस इतिहास के सही पक्ष में खड़ी है। कांग्रेस ने हमेशा ही महिला आरक्षण का समर्थन किया है। हम वह पार्टी थे जिसने 2010 में राज्यसभा में महिला आरक्षण विधेयक पारित कराया ताकि वह निरस्त न हो जाए। भाजपा उस विधेयक को लोकसभा में पारित नहीं करा सकी। उन्होंने 2023 में एक और विधेयक लाया और कांग्रेस पार्टी ने उसका भी समर्थन किया। खरगे ने कहा कि वह विधेयक अभी भी लागू है। दरअसल, इस 16 अप्रैल को अधिसूचित किया गया था, जब लोकसभा परिसीमन संबंधी संवैधानिक संशोधन विधेयकों पर चर्चा कर रही थी।

## एसआईआर को लेकर बार-बार याचिका दायर करने पर नाराज हुई शीर्ष अदालत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में पश्चिम बंगाल में एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) के बाद वोटर लिस्ट से बड़े पैमाने पर नाम हटाने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान तीखी टिप्पणी सामने आई। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ताओं और वरिष्ठ अधिवक्ता देवदत्त कामत की ओर से बार-बार एक ही मुद्दे पर अलग-अलग याचिकाएं दाखिल करने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस तरह बार-बार एक ही विषय को लेकर याचिकाएं दाखिल करना उचित नहीं है और इससे न्यायिक प्रक्रिया पर अनावश्यक दबाव पड़ता है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की बेंच, जिसमें मुख्य न्यायाधीश और न्यायमूर्ति शामिल थे, ने स्पष्ट किया कि इस मामले में वे कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से सीधे रिपोर्ट प्राप्त करने वाले है। सुप्रीम कोर्ट ने संकेत दिया कि संबंधित ट्राइब्यूनल और प्रशासनिक व्यवस्था की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा आवश्यक है, क्योंकि याचिका में यह आरोप लगाया गया है कि ट्राइब्यूनल ठीक से काम नहीं कर रहा है। याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद गठित अपीलेट ट्राइब्यूनल लोगों को प्रभावी राहत नहीं दे रहा है। आरोप लगाया गया कि कई मामलों में वकीलों को पक्ष रखने की अनुमति नहीं दी जा रही है और केवल ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार हो रहे हैं, जबकि फिजिकल आवेदन नहीं लिए जा रहे। यह भी कहा गया कि ट्राइब्यूनल सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पूरी तरह पालन नहीं कर रहा है, जिससे प्रभावित लोगों को न्याय मिलने में कठिनाई हो रही है।

## उधमपुर में सड़क हादसा, 21 की मौत

### तेज रफ्तार बस का टायर फटा, ड्राइवर कंट्रोल नहीं कर सका; 100 फीट नीचे गिरी

उधमपुर। जम्मू के उधमपुर में सोमवार सुबह एक बस हादसे का शिकार हो गई। रामनगर से आ रही बस जालो के पास सड? से 100 फीट नीचे गिरकर पलट गई। इस हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 से ज्यादा यात्री घायल हो गए। अधिकारियों के मुताबिक मरने वालों का आंकड़ा बढ़ सकता है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट पर बताया कि मरने वालों की संख्या बढ़?र 21 हो गई है। घायलों को इलाज के लिए जीएमसी ऊधमपुर लाया जा रहा है। इससे पहले उन्होंने लिखा था कि हादसे का शिकार हुई बस पब्लिक ट्रांसपोर्ट की थी। रेस्क्यू ऑपरेशन तुरंत शुरू कर दिया गया है। घायलों को हरसंभव मदद मुहैया कराई जा रही है। हादसे वाली जगह पर मौजूद लोगों ने बताया कि हादसे की वजह बस का ओवरलोड और तेज रफ्तार होना था। घायल यात्रियों से पूछा गया तो वे बोले कि ड्राइवर बहुत तेज बस चला रहा था। बस का टायर फटने से वह स्पीड कंट्रोल नहीं कर सका। जिसके कारण वह करीब 100 फीट की ऊंचाई से गिर गई। प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 2 लाख और घायलों को 50 हजार की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। उन्होंने क्षतिग्रस्त बस के अंदर फंसे घायलों को बाहर निकालने का प्रयास किया। पुलिस और अन्य भी जल्द ही बचाव अभियान में शामिल हो गए। उनका मुख्य उद्देश्य पीड़ितों को सुरक्षित निकालना और दुर्घटनास्थल को साफ करना था। देखते ही देखते बस से मलबे से लाशें निकलना शुरू हुई।

## भारत-नेपाल सीमा पर 'भंसार' और ईंधन विवाद से बढ़ा तनाव

नई दिल्ली। भारत और नेपाल के बीच सीमा क्षेत्रों में इन दिनों ईंधन और कर नीति को लेकर तनाव बढ़ता जा रहा है। नेपाल में पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों के कारण वहां के वाहन चालक बड़ी संख्या में भारतीय सीमावर्ती इलाकों, खासकर बिहार में सस्ता ईंधन भरवाने पहुंच रहे हैं। इस बढ़ती भीड़ के कारण स्थानीय पेट्रोल पंपों पर दबाव बढ़ गया है और भारतीय उपभोक्ताओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए नेपाली वाहनों के लिए ईंधन की आपूर्ति सीमित कर दी है। नेपाल में भारत के मुकाबले प्रेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के कारण सस्ता ईंधन भरवाने नेपाली वाहन चालक बिहार का रुख कर रहे हैं। नए नियमों के तहत दोपहिया वाहनों को अधिकतम 3 लीटर, चारपहिया वाहनों को 10 लीटर और बड़े वाहनों को 20 लीटर तक ही ईंधन दिया जा रहा है। कुछ क्षेत्रों में यह सीमा और भी कम कर दी गई है, जिससे सीमा पर असंतोष बढ़ने की आशंका है। इससे पहले नेपाल सरकार द्वारा भारतीय नंबर प्लेट वाली गाड़ियों पर 'भंसार' (कस्टम ड्यूटी) लागू करने के फैसले ने भी विवाद को जन्म दिया था। इस कदम को भारत की ओर से आर्थिक दबाव के रूप में देखा जा रहा है, जबकि नेपाल इसे राजस्व और नियंत्रण के उपाय के तौर पर पेश कर रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह विवाद अब केवल ईंधन आपूर्ति तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह दोनों देशों के बीच आर्थिक और प्रशासनिक टकराव का रूप लेता जा रहा है। सीमा क्षेत्रों में हालात संवेदनशील बने हुए हैं और स्थानीय प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है। भारत और नेपाल के बीच पारंपरिक रूप से मजबूत संबंध रहे हैं, लेकिन हालिया घटनाक्रम ने यह संकेत दिया है कि छोटे-छोटे आर्थिक फैसले भी द्विपक्षीय रिश्तों पर बड़ा असर डाल सकते हैं। ऐसे में दोनों देशों के बीच संवाद और समन्वय बेहद जरूरी हो गया है, ताकि सीमा पर सामान्य स्थिति बहाल की जा सके।

## हिमाचल में वित्तीय संकट के बीच सरकार का बड़ा फैसला

### सीएम, डिप्टी सीएम से लेकर मंत्रियों के वेतन पर चली कैंची

शिमला ।गहराते वित्तीय संकट के बीच हिमाचल प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। डगमगाती आर्थिक स्थिति को संभालने और वित्तीय संसाधनों के कुशल प्रबंधन के लिए सरकार ने राज्य के शीर्ष अधिकारियों के वेतन का एक बड़ा हिस्सा अगले छह महीनों के लिए रोकने का निर्णय लिया है। वित्त विभाग द्वारा जारी इस अधिसूचना ने प्रशासनिक गलियारों में हड?प मचा दिया है। इससे पहले सरकार ने मंत्रियों और विधायकों की सैलरी में कटौती का फैसला लिया था। सीएम सुक्खू ने खुद अपनी आधी सैलरी में कटौती की घोषणा की थी।

अधिकारियों और कर्मचारियों के सैलरी में कटौती की अधिसूचना मई 2026 से प्रभावी होगी और सरकार का यह कदम अस्थाई होगा। वित्त विभाग की अधिसूचना के मुताबिक, यह कदम अस्थायी है और वित्तीय संसाधनों के कुशल प्रबंधन के लिए सामूहिक प्रयास के रूप में अपनाया जा रहा है। इसे कटौती के रूप में नहीं माना जाएगा और राज्य सरकार की वित्तीय स्थिति के आधार पर इसे बाद में जारी किया जाएगा।

सरकार की तरफ से जारी अधिसूचना के मुताबिक सिर्फ नेता ही नहीं बल्कि नौकरशाहों के वेतनों में भी कटौती की गई है । जारी आदेश के मुताबिक राज्य के मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और डीजीपी स्तर के अधिकारियों के वेतन का 30 प्रतिशत हिस्सा रोका जाएगा, जबकि सचिव, विभागाध्यक्ष, आईजी, डीआईजी, एसपी और वन विभाग के अधिकारियों के वेतन का 20 प्रतिशत हिस्सा स्थगित रहेगा। यह व्यवस्था अप्रैल 2026 के वेतन से लागू होगी, जिसका भुगतान मई में किया जाएगा । सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह वेतन कटौती नहीं बल्कि अस्थायी स्थगन है और रोकी गई राशि भविष्य में वित्तीय स्थिति सुधरने पर जारी की जाएगी। साथ ही यह राशि पेंशन और लीव एनकैशमेंट में भी शामिल होगी।

इससे पहले मार्च 2026 में सरकार ने बोर्ड, निगम और आयोगों में तैनात पदाधिकारियों का कैबिनेट रैंक वापस लेते हुए उनके वेतन-भत्तों में 20 प्रतिशत कटौती की थी। सरकार इस कदम को वित्तीय प्रबंधन का हिस्सा बता रही है, लेकिन इसे लेकर प्रदेश में सियासी घमासान तेज हो गया है। वहीं मंत्री जगत नेगी ने मंत्री विधायकों मुख्यमंत्री और अधिकारियों के वेतन 6 महीने के डेफर करने के सवाल पर कहा कि प्रदेश में विकास न रुके उसको देखते हुए ये फैसला लिया गया है। वही नेता प्रतिपक्ष द्वारा अन्य खर्च कम करने की सरकार को दी गई नसीहत पर जगत नेगी ने कहा की नेता प्रतिपक्ष को क्या क्या सुविधाएं मिल रही है।

## अग्रिम जमानत के लिए हाई कोर्ट पहुंचे पवन खेड़ा

गुवाहाटी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने अब असम में दर्ज एक मामले में अग्रिम जमानत के लिए गुवाहाटी हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। यह मामला असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर से जुड़ा है, जिसमें पासपोर्ट को लेकर विवाद सामने आया है। दरअसल, पवन खेड़ा ने आरोप लगाया था कि रिनिकी भुइयां सरमा के पास एक से ज्यादा पासपोर्ट हैं। इसी बयान के बाद उनके खिलाफ गुवाहाटी क्राइम ब्रांच थाने में एफआईआर दर्ज की गई। इस एफआईआर में भारतीय न्याय संहिता की कई धाराएं लगाई गई हैं, जिनमें चुनाव से जुड़े गलत बयान, धोखाधड़ी, जालसाजी, मानहानि और शांति भंग करने जैसे आरोप शामिल हैं। दूसरी तरफ, असम पुलिस इस मामले में काफी सक्रिय रही है और पहले हैदराबाद में खेड़ा की तलाश में पहुंची थी। इतना ही नहीं, पुलिस ने दिल्ली स्थित उनके घर पर भी जाकर जांच की थी। अब इस मामले में अगला फैसला गौहाटी हाई कोर्ट में सुनवाई के बाद ही तय होगा, जिससे यह स्पष्ट होगा कि पवन खेड़ा को इस मामले में राहत मिलती है या नहीं।

# स्वच्छता सर्वेक्षण से पहले नगर पालिका की तैयारियां तेज चुनिंदा वार्डों को सजाने पर उठ रहे सवाल

### एनजीओ के साथ मिलकर हो रही तैयारी, कई क्षेत्रों में अब भी गंदगी का अंबार, पार्षदों ने पूरे शहर में समान सफाई की उठाई मांग

सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

*स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर नगर पालिका द्वारा इन दिनों शहर में व्यापक तैयारियां किए जाने का दावा किया जा रहा है। आगामी दिनों में सर्वेक्षण टीम के संभावित आगमन को देखते हुए नगर पालिका ने एक एनजीओ के सहयोग से शहर के विभिन्न वार्डों में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने और कर्मचारियों को दिशा-निर्देश देने का कार्य प्रारंभ किया है। हालांकि इन तैयारियों के बीच यह सवाल भी उठने लगे हैं कि क्या यह प्रयास वास्तव में पूरे शहर के लिए हैं या फिर केवल कुछ चुनिंदा वार्डों तक ही सीमित रह गए हैं। सोमवार 20 अप्रैल को वार्ड क्रमांक 21 सहित शहर के कुछ प्रमुख स्थानों पर एनजीओ के सदस्य नगर पालिका कर्मचारियों के साथ सक्रिय नजर आए। यहां वे कर्मचारियों को गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण, कचरा प्रबंधन, नालियों की सफाई और स्वच्छता सर्वेक्षण के मापदंडों को लेकर मार्गदर्शन दे रहे थे। इस गतिविधि को देखकर कई लोगों को ऐसा लगा कि सर्वेक्षण टीम शहर में पहुंच चुकी है, लेकिन बाद में स्पष्ट हुआ कि यह केवल पूर्व तैयारी का हिस्सा है।*




नगर पालिका द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग हासिल करने के उद्देश्य से कुछ वार्डों को विशेष रूप से चिन्हित कर उन्हें मॉडल वार्ड के रूप में विकसित करने की कोशिश की जा रही है। इन वार्डों में साफ-सफाई, रंग-रोगन, कचरा प्रबंधन और सार्वजनिक शौचालयों के सुधार जैसे कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं। नगर पालिका ने शहर के कुछ सार्वजनिक शौचालयों में पुताई और मरम्मत कार्य भी शुरू कर दिया है, ताकि सर्वेक्षण के दौरान बेहतर तस्वीर प्रस्तुत की जा सके। लेकिन दूसरी ओर शहर के कई हिस्सों में जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। काली पुतली चौक, अवंतीबाई चौक, चर्च क्षेत्र सहित कई स्थानों पर नालियां महीनों से साफ नहीं हुई हैं। कई जगहों पर गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे राहगीरों और स्थानीय निवासियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। निचले और घनी आबादी वाले वार्डों में कचरा उठाव की व्यवस्था भी नियमित नहीं होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। इस मुद्दे को लेकर विपक्ष के पार्षदों के साथ-साथ सत्तापक्ष के कुछ जनप्रतिनिधियों ने भी खुलकर नाराजगी जाहिर की है। उनका कहना है कि केवल कुछ वार्डों को चमकाकर स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर अंक प्राप्त करने की कोशिश करना शहर की वास्तविकता को छुपाने जैसा है। पार्षदों ने नगर पालिका से मांग की है कि सभी 33 वार्डों में समान रूप से सफाई व्यवस्था को मजबूत किया जाए, ताकि शहर वास्तव में स्वच्छ और सुंदर बन सके। स्थानीय नागरिकों का भी कहना है कि स्वच्छता केवल सर्वेक्षण तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि यह एक निरंतर प्रक्रिया होनी चाहिए। उनका मानना है कि यदि नगर पालिका नियमित रूप से पूरे शहर में समान रूप से सफाई कार्य कराए, तो न केवल सर्वेक्षण में बेहतर परिणाम मिलेंगे, बल्कि शहरवासियों को भी स्वच्छ वातावरण मिल सकेगा। गौरतलब है कि पूर्व में जिला कलेक्टर द्वारा भी नगर पालिका को स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि शहर के सभी वार्डों में साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए और स्वच्छता को प्राथमिकता दी जाए। बावजूद इसके कई क्षेत्रों में अभी भी स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं दिख रहा है, जिससे प्रशासनिक प्रयासों की प्रभावशीलता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। नगर पालिका स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर स्थान हासिल करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है। लेकिन अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि यह तैयारियां केवल दिखावे तक सीमित रहती हैं या वास्तव में पूरे शहर की सफाई व्यवस्था में स्थायी सुधार ला पाती हैं। आने वाले दिनों में सर्वेक्षण टीम के निरीक्षण के बाद ही शहर की स्वच्छता की वास्तविक तस्वीर सामने आ सकेगी।

## न्यूज गैलरी

### गाय चराने वाले का बेटा बना एमबीबीएस डॉक्टर

पद्मेश न्यूज। लामता। जिला मुख्यालय से लगभग 22 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम मगरदर्रा से एक प्रेरणादायक खबर सामने आई है। संसाधनों की कमी और आर्थिक तंगी के बीच पले-बढ़े निकेश मर्सकोले ने अपनी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के दम पर एमबीबीएस की कठिन परीक्षा उत्तीर्ण कर इतिहास रच दिया है। निकेश मर्सकोले, माता दुर्गा बाई मर्शकोले एवं पिता चंदू लाल मर्शकोले के पुत्र हैं। उनका परिवार साधारण एवं आर्थिक रूप से कमजोर है। उनके पिता वर्षों से गांव में गाय चराकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद निकेश ने कभी अपने लक्ष्य से समझौता नहीं किया। दिन में परिवार की मदद और रात में पढ़ाई करते हुए उन्होंने अपने सपने को साकार किया। प्रारंभिक शिक्षा गांव के शासकीय विद्यालय से प्राप्त करने वाले निकेश बचपन से ही पढ़ाई में होनहार और गंभीर स्वभाव के रहे हैं। आगे की पढ़ाई के दौरान उन्हें कई आर्थिक और सामाजिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। निकेश का सपना डॉक्टर बनकर गांव और आसपास के गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की सेवा करना है। वह अक्सर कहा करते थे कि गांव में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी है, जिसे वह दूर करना चाहते हैं। एमबीबीएस जैसी कठिन परीक्षा को उत्तीर्ण करना आसान नहीं होता, विशेषकर तब जब संसाधन सीमित हों। लेकिन निकेश मर्सकोले ने यह साबित कर दिया कि मजबूत इरादों और मेहनत के बल पर कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इस सफलता के बाद पूरे गांव में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने इसे गांव के इतिहास का गौरवपूर्ण क्षण बताया, वहीं शिक्षकों ने कहा कि निकेश की यह उपलब्धि अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा बनेगी।



# डिजिटल निगरानी से अपराध पर लगाम की तैयारी, पुलिस ने 200 से अधिक हिस्ट्रीशीटरों का बनाया डेटा बैंक

### फेस मैपिंग, रेटिना स्कैन और फिंगरप्रिंट से तैयार हो रही प्रोफाइल, जेल से छूटे अपराधियों की भी लगातार मॉनिटरिंग

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस ने अब पारंपरिक तरीकों से आगे बढ़ते हुए आधुनिक तकनीक का सहारा लेना शुरू कर दिया है। चोरी, डकैती, चेन स्नेचिंग और अन्य आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा निगरानी बदमाशों और पुराने अपराधियों का विस्तृत डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है। इस पहल को जिले में अपराध प्रबंधन की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इसी कड़ी में 20 अप्रैल को पुलिस लाइन में एक विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से करीब 200 से अधिक हिस्ट्रीशीटर, निगरानी बदमाश और संदिग्ध प्रवृत्ति के लोगों को बुलाया गया। यहां दिनभर चले इस अभियान में उनके फिंगरप्रिंट, रेटिना स्कैन, फेस मैपिंग और अन्य पहचान संबंधी महत्वपूर्ण डाटा एकत्रित किया गया। इस प्रक्रिया के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति की एक सटीक डिजिटल प्रोफाइल तैयार की जा रही है, जिससे भविष्य में किसी भी आपराधिक घटना की जांच में त्वरित सहायता मिल सके। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, कई बार अपराधी अपनी पहचान छुपाकर और स्थान बदलकर घटनाओं को अंजाम देते हैं, जिससे उन्हें पकड़ना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। लेकिन अब डिजिटल रिकॉर्ड तैयार होने से ऐसे अपराधियों



की पहचान आसानी से की जा सकेगी और जांच की प्रक्रिया भी तेज होगी। यह डेटा बैंक भविष्य में पुलिस के लिए एक मजबूत आधार साबित होगा। अभियान के दौरान पुलिस ने सभी निगरानी बदमाशों को सख्त हिदायत भी दी। उन्हें स्पष्ट रूप से चेताया गया कि यदि वे दोबारा किसी भी अवैध गतिविधि में शामिल पाए जाते हैं, तो उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्हें समाज की मुख्यधारा में लौटने और वैध तरीके से जीवनयापन करने की समझाइश भी दी गई। पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने हाल ही में अनौपचारिक चर्चा में बताया था कि अब पुलिस केवल पुराने रिकॉर्ड तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि जेल से रिहा होने वाले अपराधियों पर भी विशेष नजर रखी जा रही है। उनके अनुसार, ऐसे अपराधियों की गतिविधियों का लगातार ट्रैक रखा जा रहा है, वे कहां रह रहे हैं, किन लोगों के संपर्क में हैं और उनकी दिनचर्या क्या है, इसका पूरा विवरण संकलित किया जा रहा है। इसके अलावा, जेल से छूटने के दौरान उन्हें लेने आने वाले लोगों का भी रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है, ताकि उनके संपर्कों की जानकारी मिल सके। पुलिस टीमें समय-समय पर उनके निवास स्थान पर पहुंचकर उनकी गतिविधियों की जांच कर रही हैं, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे पुन: अपराध की ओर न बढ़ें। पुलिस का मानना है कि इस तरह की डिजिटल मॉनिटरिंग और सतत निगरानी से जिले में अपराधों पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकेगा। साथ ही इससे अपराधियों में कानून का भय भी बढ़ेगा और आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी। आने वाले समय में पुलिस इस अभियान को और व्यापक स्तर पर लागू करने की तैयारी में है, ताकि जिले को अपराध मुक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें।

## चाकू बाजी में एक व्यक्ति घायल

पदमेश न्यूज। बालाघाट। उपनगरी बूढ़ी एक चाकू बाजी में एक व्यक्ति घायल हो गया घायल व्यक्ति आकाश पिता इंदल सिंह राठौड़ 32 वर्ष वार्ड नंबर 11 बूढ़ी बालाघाट निवासी का इलाज जिला अस्पताल बालाघाट में किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आकाश की बूढ़ी में आटा चक्की है। जिस व्यक्ति का सोनी टेकी के साथ पुराने रंजिश बनी हुई थी। 19 अप्रैल की रात्रि 10:30 बजे करीब आकाश खाना खाने के बाद घर के बाहर निकाला और मोटरसाइकिल अंदर कर रहा था तभी सोनी टेकी उसके पास आया और पुराने रंजिश को लेकर उसे असली गालियां देने लगा। और दोनों के बीच विवाद हो गया सोनी टेकी ने आकाश को मारपीट कर उसके कपड़े फाड़ दिये और चाकू से वार कर दिया। चाकू का वार आकाश के दाएं हाथ की कोहनी में लगने से वह घायल हो गया। इसके बाद सोनी टेकी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची डायल 112 से घायल आकाश को जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया गया।

## अंबेडकर जयंती के अवसर पर जन अभियान परिषद द्वारा व्याख्यानमाला का आयोजन

पदमेश न्यूज। उकवा। संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर एक दिवसीय व्याख्यानमाला का आयोजन मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा विकासखंड बैहर के शा. अरण्य भारती महाविद्यालय में किया गया इस अवसर पर जन अभियान परिषद द्वारा गठित प्रस्फुटन समितियां नवांकुर संस्थाएं अन्य स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधि, वॉलिंटियर एवं सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। इस अवसर वक्ताओं द्वारा बताया गया कि डा. अम्बेडकर का जीवन सरस, समतल, सपाट नहीं है। यह बार बार अपमान की चिंगारियों पर तपता और जगह जगह सम्मान के छींटों से शांत होता ऐसा विराट व्यक्तित्व है, जिसकी दृढ़ता विपरीत अनुभवों को सहते हुए कदम व कदम बढ़ती जाती है। इस दृढ़ता का विलक्षण पक्ष यह है कि अम्बेडकर चोट खाते हैं और हर चोट के साथ सामाजिक मजबूती के काम में और जोश खरोश से जुट जाते हैं। समाज की व्यवस्थागत गलन और जिंदगी पर बड़बड़ाते हैं लेकिन जहाँ इस राष्ट्र और समाज की अखंडता पर कोई हमला होता है, डा. अम्बेडकर बाबासाहब बन जाते हैं। इस समाज के अनुभवी बुजुर्ग की तरह व्यवहार करते हैं। एकरस समाज और मजबूत राष्ट्र के प्रबल पक्षधर हो जाते हैं। इसका कवच बनकर खड़े हो जाते हैं। डा. अम्बेडकर का जीवन सरस, समतल सपाट नहीं है। यह बार बार अपमान की चिंगारियों पर तपता और जगह जगह सम्मान के छींटों से शांत होता ऐसा विराट व्यक्तित्व है, जिसकी दृढ़ता विपरीत अनुभवों को सहते हुए कदम व कदम बढ़ती जाती है। इस दृढ़ता का विलक्षण पक्ष यह है कि अम्बेडकर चोट खाते हैं और हर चोट के साथ सामाजिक मजबूती के काम में और जोश खरोश से जुट जाते हैं। समाज की व्यवस्थागत गलन और जिंदगी पर बड़बड़ाते हैं लेकिन जहाँ इस राष्ट्र और समाज की अखंडता पर कोई हमला होता है, डा. अम्बेडकर बाबासाहब बन जाते हैं। इस समाज के अनुभवी बुजुर्ग की तरह व्यवहार करते हैं। एकरस समाज और मजबूत राष्ट्र के प्रबल पक्षधर हो जाते हैं। इसका कवच बनकर खड़े हो जाते हैं आज के कार्यक्रम में मुख्य वक्ता वरिष्ठ आर डी देशभरतार, ब्लॉक समन्वयक महेश पटले, जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष राजीव गोपाल परते परामर्शदाता शिवनाथ यादव सुरेश यादव, भंवर सिंह मेरावी ,आकांक्षा तेकाम, संगीता उइके, स्कूल स्कूल छात्र छात्राएं संदीप गजभिये, अभय यादव, विमल भावे, ज्योति कुर्वेती, मोनिका ठाकरे, अमित बिसेन अंकित पटले,अंबिका यादव, अर्पिता यादव, शिवानी शिवहरे,सुमित्रा पटावी पीहू हरिद्वार, आदि उपस्थित रहे।

## शासकीय हाई स्कूल बकोडी का परीक्षा परिणाम सराहनीय

पद्मेश न्यूज। वारासिवनी। खैरलांजी विकासखंड के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल बकोडी ने वर्ष २०२५-२६ के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन कर एक नई मिसाल कायम की है। सीमित संसाधनों के बावजूद विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक अर्जित कर यह सिद्ध कर दिया कि मेहनत अनुशासन और सही मार्गदर्शन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। इस वर्ष विद्यालय के विद्यार्थियों ने ८० से लेकर ९५.४ तक अंक प्राप्त कर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। यह उपलब्धि ना केवल विद्यालय के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन चुकी है। जिसमें भाग्यश्री टेंभरे ९५.४,रीना ठाकरे ९२.८,कांक्षी आड़े ९१.६,आयुषी कुकड़े ८७.२,अंजली बघारे ८५.६,रीना दमाहे ८४,आयुषी पगरवार ८३.२,आरुषि दमाहे ८३, सुहानी लिल्हारे ८२,हिमांशी पंचेश्वर ८१ प्रतिशत प्राप्त किया है। हाल ही में निर्मित विद्यालय का नवीन भवन विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित हुआ है। स्वच्छ एवं हवादार कक्षाएं पर्याप्त फर्नीचर शांत एवं अनुशासित वातावरण तथा मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता ने अध्ययन को अधिक प्रभावी बनाया है। इन सुविधाओं के कारण विद्यार्थियों में पढ़ाई के प्रति रुचि और एकाग्रता में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। इस ऐतिहासिक सफलता के पीछे विद्यालय के प्राचार्य अरविंद यादव का कुशल नेतृत्व और दूरदर्शिता प्रमुख रही। उनके मार्गदर्शन में शिक्षक पुष्पराज लिल्हारे,दिनेश बिसेन, श्री सुलकिया ने विद्यार्थियों को ना केवल पढ़ाया बल्कि उन्हें प्रेरित भी किया।

# मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही ग्राम पंचायत गढ़ी, ग्रामीणों ने दी जन आंदोलन की चेतावनी

### पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा और बिजली की समस्या बरकरार, वर्षों से शिकायत के बावजूद नहीं हो रहा समाधान

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। जिले के दूरस्थ और आदिवासी अंचलों में आज भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। बैहर जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गढ़ी इसका एक प्रमुख उदाहरण बनकर सामने आई है, जहां पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा और बिजली जैसी बुनियादी जरूरतें आज भी पूरी नहीं हो पाई हैं। परेशान ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने अब अपनी मांगों को लेकर जन आंदोलन की रणनीति बनानी शुरू कर दी है। ग्राम पंचायत गढ़ी के सरपंच, पंचों और ग्रामीणों का कहना है कि वे वर्षों से अपनी समस्याओं को लेकर प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समक्ष आवेदन और ज्ञापन देते आ रहे हैं, लेकिन आज तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। हालात यह हैं कि वर्तमान में क्षेत्र में पेयजल संकट गहरा गया है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत बालाघाट जिले में होने के बावजूद आज भी मंडला जिले से विद्युत आपूर्ति ली जा रही है, जिसके कारण बिजली की समस्या लगातार बनी रहती है। बार-बार कटौती और अनियमित आपूर्ति के चलते ग्रामीणों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। सरपंच रोशनी मरावी ने बताया कि क्षेत्र में शिक्षा की स्थिति भी बेहद कमजोर है। यहां उच्च शिक्षा के लिए न तो कॉलेज है और न ही आईटीआई जैसी कोई प्रशिक्षण संस्था। उन्होंने कहा कि यदि क्षेत्र में प्रशिक्षण केंद्र खोला जाए, तो यहां के युवा कौशल विकास के माध्यम से रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं।



उन्होंने यह भी बताया कि बीते दो-तीन वर्षों से पंचायत में किए गए मनरेगा कार्यों का भुगतान लंबित है, जिससे मजदूरों में असंतोष बढ़ रहा है। मजदूरी नहीं मिलने के कारण अब लोग काम करने से कतराने लगे हैं, जिससे विकास कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में न तो पर्याप्त स्वास्थ्य केंद्र हैं और न ही विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध हैं। खासतौर पर स्त्री रोग विशेषज्ञ की कमी के कारण प्रसव के दौरान महिलाओं को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जिला पंचायत सदस्य महेश मरकाम, जनपद उपाध्यक्ष रणजीत सिंह बैस ,पंच अमित पाटिल ,महेश मरकाम जिपं सदस्य, द्रोपिकिशोर मेरावी, लक्ष्मी मेरावी सरपंच कदला, भागवती उइके सरपंच माना, प्रताप करायत उपसरपंच गढ़ी, डा. अमित पाटिल पंच, विकल पाटिल ब्लाक अध्यक्ष कांग्रेस, दशरथ धारवैया ने बताया कि ग्राम पंचायत की भौगोलिक स्थिति दूरस्थ होने के कारण यहां अधिकारी और प्रशासनिक अमला शायद ही कभी पहुंच पाता है। इसके चलते क्षेत्र में विकास कार्यों की निगरानी नहीं हो पाती और समस्याएं जस की तस बनी रहती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि क्षेत्र में छात्रावास, कॉलेज और शासकीय कार्यालयों की स्थिति बेहद खराब है। कई बार अधिकारी लंबे समय तक अनुपस्थित रहते हैं और स्टाफ की भारी कमी भी बनी हुई है। पक्की सड़कों और स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में ग्रामीणों को रोजमर्रा के कार्यों में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। रणजीत सिंह बैस ने बताया कि ग्राम पंचायत गढ़ी को पूर्व सांसद ढालसिंह बिसेन द्वारा गोद लिया गया था, लेकिन इसके बावजूद क्षेत्र की स्थिति में कोई विशेष सुधार नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो ग्रामीणों को साथ लेकर बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि अब वे केवल आश्वासन नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर ठोस कार्रवाई चाहते हैं। यदि उनकी मांगों पर शीघ्र ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाले समय में आंदोलन और तेज हो सकता है।

## नारी शक्ति वंदन

# सोगलपुर की सरिता बनीं नारी शक्ति की मिसाल

### सुनीता चन्ने के प्रयासों से क्षेत्र में लिखी जा रही सशक्तिकरण की नई दास्तां



**पद्मेश न्यूज। लांजी।**

सरिता खोबरागड़े अब दादी बन चुकी हैं-उम्र के उस पड़ाव पर, जहां आमतौर पर महिलाएं बहू-बेटों की कमाई और सेवा के सहारे सुकून भरी जिंदगी गुजारते हुए घर-आंगन तक ही खुद को सीमित कर लेती हैं। लेकिन लांजी क्षेत्र के एक छोटे से ग्राम सोगलपुर की सरिता ने इस पारंपरिक सोच को पीछे छोड़ते हुए अपने हौसलों को नई उड़ान दी है। उन्होंने साबित कर दिया कि अगर जज्बा जवान हो, तो उम्र कभी भी राह में रुकावट नहीं बनती। ऑटो चलाकर न सिर्फ उन्होंने अपने परिवार को आर्थिक मजबूती दी, बल्कि पूरे गांव की मुश्किलों को भी आसान कर एक नई मिसाल कायम की है। संघर्ष, जज्बा और खुद पर यकीन का ऐसा संगम कम ही देखने को मिलता है। एक ओर जहां उन्होंने अपनी मेहनत से परिवार और गांव की तस्वीर बदली, वहीं जनपद पंचायत आजीविका मिशन की ग्राम नोडल सुनीता चन्ने का जज्बा भी इस बदलाव में अहम किरदार निभा रहा है। हमेशा बाइक से सफर करने वाली सुनीता चन्ने अपनी अलग पहचान के साथ क्षेत्र की महिलाओं के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं। वहीं इस पूरी कहानी में जनपद पंचायत आजीविका मिशन की ग्राम नोडल सुनीता चन्ने की भूमिका भी बेहद अहम रही है। उनका समर्पण और मार्गदर्शन क्षेत्र की कई महिलाओं के लिए राह दिखाने वाला साबित हो रहा है। खास बात यह है कि जहां आमतौर पर महिला अधिकारी स्कूटी या अन्य साधनों का उपयोग करती हैं, वहीं सुनीता चन्ने हमेशा बाइक पर सफर करती नजर आती हैं-जो उनके आत्मविश्वास और जज्बे को एक अलग पहचान देता है।

### अलग-अलग जिम्मेदारी और सभी में निपुण

ग्राम सोगलपुर की सरिता खोबरागड़े आज नारी शक्ति वंदन का एक शानदार और अनूठा उदाहरण बनकर उभरी हैं। एक समय गृहणी रहकर अपने पति के साथ फेरी में कपड़े बेचने वाली सरिता दीदी आज आदि शक्ति आजीविका स्व सहायता समूह की अध्यक्ष, शिवपुराण ग्राम संगठन की अध्यक्ष और पहल संकुल स्तरीय संगठन की सदस्य के रूप में अपनी मजबूत पहचान बना चुकी हैं। सरिता दीदी बताती हैं कि वह अपने परिवार के जीवन-यापन के लिए गांव-गांव फेरी लगाकर कपड़े बेचने का काम करती थीं। मोटर सायकल से सफर करने के दौरान ज्यादा सामान होने पर हमेशा हादसे का खतरा बना रहता था। वहीं मंडई और मेलों में दुकान लगाने के लिए उन्हें दूसरे वाहनों पर निर्भर रहना पड़ता था-जो कभी समय पर आते, तो कभी सिर्फ वादा कर के नहीं पहुंचते, जिससे उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

### ऑटो चलाने का हुनर भी गजब

इसी बीच ग्राम संगठन की बैठक में गांव की एक बड़ी समस्या सामने आई-मुख्य सड़क तक पहुंचने के लिए 3 किलोमीटर पैदल चलना पड़ता था। जब कोई आगे नहीं आया, तो सरिता दीदी ने हिम्मत दिखाई और ऑटो चलाने का फैसला कर लिया। आर्थिक तंगी के बावजूद उन्होंने अपने पति और बेटों के साथ मिलकर 1.5 लाख रुपये जुटाए और समूह से 2 लाख रुपये का ऋण लेकर ऑटो खरीदा। सबसे दिलचस्प बात यह रही कि जहां लोग पहले वाहन चलाना सीखते हैं, वहीं सरिता दीदी ने पहले ऑटो खरीदा और फिर उसे चलाना सीखा-और आज उनके ड्राइविंग कौशल को देखकर लोग हैरान रह जाते हैं। अब खुद का ऑटो होने से न केवल उनकी पुरानी परेशानियों से निजात मिली है, बल्कि गांव के लोगों को भी लांजी आने-जाने में बड़ी सहूलियत हो गई है। साथ ही उनके लिए एक अतिरिक्त आमदनी का जरिया भी बन गया है।

### आय बढ़ने के साथ जीवन जीने का तरीका भी बदला

आज उनकी मासिक आयए जो पहले करीब 12 हजार रुपये थी, बढ़कर लगभग 25 हजार रुपये तक पहुंच चुकी है। सरिता खोबरागड़े ग्राम सोगलपुर के आवासटोला में एक छोटे से मकान में अपने भरे-पूरे परिवार के साथ जीवन यापन कर रही हैं, लेकिन उनके सपनों की उड़ान अब आसमान छू रही है। दादी बनने के बाद भी उनका जज्बा कम नहीं हुआ, बल्कि और निखर कर सामने आया है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित चल समारोह में जब सरिता दीदी ऑटो चलाते हुए शामिल हुईं, तो लोगों ने तालियों की गूंज के साथ उनका जोरदार इस्तकबाल किया और उन्हें सम्मानित भी किया गया। सरिता खोबरागड़े की यह कहानी महज एक खबर नहीं, बल्कि एक मजबूत पैगाम है।

## आदिवासी समाज व गोंडवाना विकास समिति ने भव्य रैली निकालकर मनाया आखातीज़ पर्व

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** आदिवासी समाज लांजी एवं लांझीगढ़ गोंडवाना विकास समिति के द्वारा 20 अप्रैल को पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही अपने पूर्वजों के मार्गदर्शन से अपनी ऐतिहासिक धरोहर संस्कृति एवं प्रकृति संरक्षण के तहत बडादेव महापूजा का आयोजन कर आखातीज़ पर्व का आयोजन ऐतिहासिक किले में किया गया। किले परिसर में आयोजित मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि राजकुमार करहि विधायक लांजी किरनापुर, मनीषराव पुसाम सामाजिक कार्यकर्ता महाराष्ट्र, सुशीला नेताम राष्ट्रीय अध्यक्ष गोंडवाना गोंड महासभा भारत, साधुराम नेताम सलाहकार गोंडवाना समाज तहसील नगरी छग, आशा धुर्वे नेताम, बिंदा नेताम पूर्व जिला पंचायत सदस्य तह नगरी छग, जेठूसिंह तेकाम प्रांतीय प्रवक्ता कटंगी बालाघाट, एस.आर नेताम राष्ट्रीय सलाहकार गोंडवाना गोंड महासभा भारत, के आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः बेला में बुढादेव, बुढीमाई ठाना में, राष्ट्रीय अध्यक्ष गोंडवाना गोंड महासभा भारत व आयोजक समिति के संरक्षक आर सी नेताम द्वारा कलश स्थापना की गई। उसके पश्चात ध्वजारोहण किया गया। साथ ही नाभिस्थल, खेरमाई ठाना, लंजकाई ठाना, कालीकंकाली ठाना में कलश स्थापना कर पूजा अर्चना की गई। इसी तारतम्य में आमंत्रित अतिथियों व सगाजनों का पंजीयन भी किया गया। आदिवासी समाज के द्वारानगर भ्रमण करते हुए रैली निकाली गई रैली में विशेष आकर्षण का केन्द्र पारंपरिक पहनावा रहा। यह रैली लांजीगढ़ किले से होकर गुजरी चौक, सुभाष चौक बस स्टैंड होते, मेन रोड़ से लंजकाई मंदिर होते हुए वापस लांजीगढ़ किले में पहुंची, जहां पर समुदाय के सगाजनो, भुमका एवं समिति के संरक्षक आर सी नेताम के द्वारा 365 कलश की स्थापना, 750 दीयों से बने सल्ले गांगरा दीप प्रज्जवलित कर बुढादेव को भेंट किया गया। वक्ताओं ने किले की ऐतिहासिक विरासत गोंड शासकों के इतिहास पर बल दिया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजकुमार करहि ने पारंपरिक कार्यक्रम को बढ़ावा देने के साथ कहा कि हम अपने प्रत्येक त्यौहारों में उन सभी जीवों को सम्मान देने की परंपरा निभाते हैं जिन्होंने मानव विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया हों।इसी कड़ी में सभी अतिथियों ने जल जंगल जमीन के हनन व महत्व के बारे बात कहीं, साथ ही समाज के उत्थान एवं संगठन मजबूती पर उद्बोधन दिए। युवा कोयतुर टीम लांझीगढ़ द्वारा सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति की गई। जिसमें युवा कोयतुर लांझीगढ़ के सभी साथियों का सहयोग रहा। कार्यक्रम का समापन व अतिथियों का आभार व्यक्त धनीराम इनवाती अध्यक्ष लांझीगढ़ गोंडवाना विकास समिति द्वारा किया गया। मंच संचालन गीता मर्सकोले, मनोज मड़ावी द्वारा किया गया।





### समिति से ये रहे प्रमुख रूप से उपस्थित

उक्त कार्यक्रम आयोजक समिति के संरक्षक आर सी नेताम, टूमनलाल घोरमारे सचिव आदिवासी समाज लांजी एवं अन्य पदाधिकारी राधेश्याम नारनौरे, अतुल हनोते,संजीव वाघाड़े, रिषिकेश घोरमारे, श्रीराम घरते, हेतराम चौधरी,अजय नेवारे धनीराम इनवाती अध्यक्ष लांझीगढ़ गोंडवाना विकास समिति,अशोक मर्सकोले सचिव,श्रावण उईके उपाध्यक्ष, मोतीराम उइके उपाध्यक्ष,मुन्नालाल मलगाम, परसराम पन्द्रे,राजू मर्सकोले,विनोद उईके कोषाध्यक्ष, सी.एल उईके, अमोल सिंह धुर्वे, हीरामन उईके, दिलीप उईके, , बिरजलाल मड़ावी,मीरा मर्सकोले,राजकुमारी धुर्वे,निशा उइके ,युवा कोयतुर लांजी से नरेश उईके संदीप टेकाम, वर्षा उइके, सोनम मर्सकोले, नीता मर्सकोले, लोकेश भलावी, मनोज मड़ावी, भुवन पन्द्रे, संजय टेकाम,सुनिल उइके,निशा पन्द्रे, विजय मसराम, नरेन्द्र उइके,देवेन्द्र पन्द्रे, कोमल मर्सकोले, संध्या टेकाम, डेविड उइके, दुर्गा प्रसाद पन्द्रे, सुभाष इनवाती, कोमल मर्सकोले, गीता मर्सकोले, गोपाल टेकाम, सुकदास मर्सकोले, दुर्गा उइके एवं समस्त आदिवासी समाज आदि सगाजनो के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन सफलता पूर्वक किया गया।

## उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण सर्जरी के बाद स्वस्थ, विधायक कुमार बोले- चिंता की बात नहीं

अमरावती। उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण सर्जरी के बाद स्वस्थ हो रहे हैं। जनसेना नेता और यलमंचली विधायक सुंदरपु विजय कुमार ने सोमवार को आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण के स्वास्थ्य की जानकारी देते हुए आश्वासन दिया कि चिंता की कोई बात नहीं है और शनिवार को हुई सर्जरी के बाद वे तेजी से स्वस्थ हो रहे हैं। कुमार ने इस बात पर जोर दिया कि कल्याण का स्वास्थ्य सुधर रहा है और पिछले कुछ वर्षों में नेताओं द्वारा झेले गए अत्यधिक कार्यभार और तनाव को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि कल्याण को भी शुरुआत से ही कुछ स्वास्थ्य समस्याएं रही हैं। फिर भी, अब वे ठीक हैं।

उन्होंने कहा कि सत्ता में आने के बाद से सरकार जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए लगातार काम कर रही है। हम सड़कों पर उतरे, हमने जमकर संघर्ष किया। फिर सरकार बनने के बाद हमने राज्य का निर्माण शुरू किया। इसलिए जनता की बहुत अपेक्षाएं हैं। आपने विशाखापत्तनम में ही देखा होगा, हर किसी ने 50,000 से ज्यादा बहुमत हासिल किया। कुमार ने बताया कि व्यस्त कार्यक्रम का असर कई नेताओं के स्वास्थ्य पर पड़ा है। हर कोई कड़ी मेहनत कर रहा है। इसलिए हर किसी को एक-एक करके स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो रही हैं। खासकर मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, सभी को अब यही समस्या हो रही है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कल्याण के राजनीतिक सचिव के जारी बयान के मुताबिक उपमुख्यमंत्री को पिछले कुछ महीनों से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था, जिसके बाद शनिवार शाम को उनकी सर्जरी हुई। कल्याण को शुक्रवार सुबह प्रशासनिक मामलों पर चर्चा करते समय तीव्र असुविधा महसूस हुई और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने एमआरआई सहित कई चिकित्सा परीक्षण किए, जिसके बाद उन्होंने सर्जरी को जरूरी बताया। सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न हुई और चिकित्सकों ने उन्हें आधिकारिक कार्यों में वापसी से पहले सात से दस दिनों के आराम की सलाह दी है।

## दो मोटर सायकलो की आमने सामने भिडंत में दो लोग गंभीर रूप से घायल






पद्मेश न्यूज। लांजी। लांजी थाना अन्तर्गत ग्राम कटंगी में हुये एक सड़क हादसे मे दो मोटर सायकल की आमने सामने भिडंत में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जिनका प्राथमिक उपचार सिविल अस्पताल लांजी में किया गया। घटना के संबध में प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 अप्रैल 2026 को दोपहर 3 बजे लांजी आमगांव मार्ग पर ग्राम कटंगी में मुख्य मार्ग पर दो मोटर सायकल आपस में टकरा गई। बतादे कि दीपक राजाराम टेकाम उम्र 25 वर्ष निवासी गोर्रे, थाना बहेला, अपनी मोटर सायकल क्रमांक एमपी 50 जेड सी 8812 में अपनी माता जी को ग्राम कुम्हारी छोड़कर लांजी की ओर आ रहा था दुसरी ओर से सुनील पिता बिसराम आसटकर 40 वर्ष निवासी आवास कालोनी लांजी जो कि लांजी से आमगांव की ओर अपनी मोटर सायकल क्रमांक एमपी 50 एमआर 3367 से अकेले जा रहा था जैसे ही दोनो वाहन ग्राम कटंगी पंहुचे अज्ञात कारणो के चलते दो वाहनों की आमने भिडंत हो गई, टकर इतनी जबरदस्त थी की दोनो ही मोटर सायकल के सामने के चक्के रिंग टूट गये तथा दोनो ही मोटर सायकल समेत नीचे जमीन पर गिर गये जिन्हे गंभीर चोटे आई है। घटना घटित होते ही मौका स्थल पर मौजूद लोगो के द्वारा निजी वाहनों से घायलो को सिविल अस्पताल लांजी लाकर भर्ती किया गया। जहां उपस्थित डाक्टर्स एवं स्टाफ के द्वारा प्राथमिक उपचार दिया गया। घटना में गंभीर रूप से घायल गोर्रे निवासी दीपक टेकाम को गोंदिया रिफर किया गया। घटना के संबध में अस्पताल प्रबंधन के द्वारा लांजी पुलिस को जानकारी उपलब्ध कराई जाकर सूचित किया गया है।

## तमिलनाडु की जनता भाजपा को कभी स्वीकार नहीं करेगी -पी चिदंबरम

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम ने विश्वास जाहिर किया है कि डीएमके के नेतृत्व वाला गठबंधन आगामी तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा है कि राज्य में भाजपा को स्वीकार नहीं किया जाएगा। कांग्रेस नेता चिदंबरम ने कहा कि भाजपा के लिए तमिलनाडू के द्वार पूरी तरह बंद है। तमिलनाडु की जनता भाजपा को कभी स्वीकार नहीं करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की तमिलनाडु में कोई साख नहीं है, इसलिए पलानीस्वामी की भी कोई साख नहीं है।

गठबंधन के चुनावी रिकॉर्ड पर विचार करते हुए, उन्होंने पिछली जीतों का जिक्र कर कहा कि तमिलनाडु में डीएमके के नेतृत्व वाला गठबंधन बीते चार चुनावों में, जिनमें मौजूदा चुनाव भी शामिल है, आजमाया हुआ है। हमारे गठबंधन ने 2019 के लोकसभा चुनाव जीते, 2021 के विधानसभा चुनावों में भारी जीत हासिल की, 2024 के लोकसभा चुनावों में भी सभी 39 सीटें जीतीं और हमें विश्वास है कि इस राज्य विधानसभा चुनाव में कांग्रेस सहित डीएमके के नेतृत्व वाला गठबंधन आसानी से जीत हासिल करेगा। मैं भविष्यवाणी नहीं कर रहा हूं, लेकिन हमारा लक्ष्य 234 में से अधिक से अधिक सीटें जीतना है और हम आराम से बहुमत प्राप्त करने वाले है।

महिला आरक्षण विधेयक की हार पर संसद में प्रभावी ढंग से कार्रवाई न करने के आरोप में एआईएडीएमके की आलोचना का जवाब देकर चिदंबरम ने झूठा बताया। उन्होंने कहा कि मैं कह सकता हूं कि अज्ञानता के कारण उनका यह बयान गलत है। यह सरासर झूठ है। महिला आरक्षण संविधान में पहले ही शामिल हो चुका है, 106वां संशोधन लोकसभा और राज्यसभा द्वारा सितंबर 2023 में पारित हुआ था। यह संविधान का हिस्सा है। संविधान का सभी क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद हो चुका है। उन्हें करीब 106वां संविधान संशोधन विधेयक पढ़ना चाहिए, जिसमें अनुच्छेद 344ए जोड़ा गया था- वे पूरी तरह गलत हैं। लेकिन अगर ये इस बात पर अड़े रहते हैं कि हमने महिला आरक्षण का समर्थन नहीं किया, तब यह सरासर झूठ है।

चिदंबरम ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान का समर्थन किया कि आरएसएस और भाजपा तमिलनाडु में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम पिछले दस वर्षों से यही कह रहे हैं और तमिलनाडु के लोग हमारी बात सुनते हैं और उन्होंने भाजपा को तमिलनाडु से पूरी तरह बाहर रखा है। इस बार भी भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को तमिलनाडु से बाहर रखा जाएगा। इससे पहले, राहुल गांधी ने भाजपा-एआईएडीएमके गठबंधन की आलोचना कर आरोप लगाया कि भाजपा का उद्देश्य मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को हटाकर उनकी जगह एआईएडीएमके के किसी कठपुतली को बिठाना है।

लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# आज दिल्ली कैपिल्स से खेलेगी सनराइजर्स हैदराबाद

हैदराबाद। सनराइजर्स हैदराबाद की टीम मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने घरेलू मैदान पर दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला करेगी। इस मैच में सनराइजर्स का पलड़ा भारी नजर आता है क्योंकि उसका अब तक का प्रदर्शन दिल्ली से बेहतर रहा है। अंक तालिका में दोनो ही टीमों के 6-6 अंक हैं पर बेहतर रन औसत के कारण सनराइज चौथे जबकि दिल्ली पांचवे स्थान पर है। ईशान किशन की कप्तानी में अबतक सनराइजर्स का प्रदर्शन बेहतर होता गया है। उसकी गेंदबाजी भी युवाओं को शामिल करने के बाद से ही मजबूत हुई हैं। उसके युवा गेंदबाजों प्रफुल्ल हिंगे और साकिब हुसैन ने अच्छी गेंदबाजी कर विरोधी टीमों पर दबाव बनाया है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जीत के बाद से ही टीम का मनोबल बढ़ा हुआ है। हिंगे के अलावा युवा गेंदबाज ईशान मलिंगा ने भी काफी अच्छी गेंदबाजी की है। जहां



तक बल्लेबाजी की बात है उसके पास ईशान के अलावा हेनरिक क्लासेन , ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं। उसका कमजोर पक्ष मध्यक्रम के बल्लेबाजों की विफलता है। जिस पर ही दिल्ली कैपिल्स हमला करने का प्रयास करेगी। अक्षर पटेल की कप्तानी में उतर रही

दिल्ली कैपिटल्स की टीम अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं बना पाई है। अब तक केएल राहुल, पथुम निसांका और ट्रिस्टन स्टब्स जैसे बल्लेबाजों ने ही रन बनाए हैं पर अन्य बल्लेबाज विफल रहे हैं। युवा समीर रिजवी पिछले तीन मैच से रन नहीं बना पा रहे हैं जिससे उसकी परेशानी बढ़ गयी है। दिल्ली की गेंदबाजी हालांकि अच्छी है। उसके पास

तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी के अलावा स्पिनर कुलदीप यादव हैं। कप्तान अक्षर पटेल ने भी अच्छी गेंदबाजी की है इसके अलवा युवा गेंदबाजों मुकेश कुमार व टी नटराजन का प्रदर्शन भी अच्छा रहा है।

अब तक दोनो टीमों के बीच हुए 26 मुकाबलों में से सनराइजर्स ने 13 जबकि दिल्ली कैपिटल्स ने 12 मैच जीते हैं। ऐसे में इस बार भी इनके बीच कड़े मुकाबले की उम्मीदें हैं।

## ऋषभ ने बताया, बडोनी के पारी शुरु करने का कारण

न्यू चंडीगढ़। लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान ऋषभ पंत आईपीए में पंजाब किंग्स के खिलाफ मिली हार से निराश हैं। इस मैच में ऋषभ के कुछ फैसलों को लेकर भी सवाल उठे हैं। इस टूर्नामेंट की शुरुआत में ऋषभ पारी की शुरुआत के लिए आये थे पर इस मैच में उन्होंने आयुष बडोनी को पारी शुरु करने के लिए भेजा था। आयुष ने मिचेल मार्श के साथ पारी शुरु की। बडोनी ने 21 गेंदों पर 35 रन बनाकर टीम को अच्छी शुरुआत दी। ऋषभ ने अब बदोनी से पारी शुरु कराने का कारण बताया है। ऋषभ कहा, हमने मैदान पर जाकर खुलकर खेलने का फैसला लिया था। यह पहले से तय था कि बडोनी पारी शुरु करेंगे पर ये बात हमने सार्वजनिक नहीं की थी। हम शीर्ष ऑर्डर में थोड़ी आजादी चाहते थे



और मैं मध्य क्रम में सहायता करना चाहता था। वहीं मैच में हुई गलती को लेकर कप्तान ने कहा कि ये बताना कठिन है। सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया था। इस मैच से कुछ सकारात्मक बातें भी हुई हैं। हमे एक टीम के तौर पर बेहतर करने में सफल रहे हैं। ये भी मानना होगा कि विरोध टीम का प्रदर्शन हमसे बेहतर रहा।

## अंक तालिका में पंजाब पहले आरसीबी दूसरे और रॉयल्स तीसरे नंबर पर

मुम्बई। पंजाब किंग्स की टीम ने आईपीएल में लखनऊ सुपर जाएंट्स को 54 रनों से हराकर अंक तालिका में सबसे अधिक 11 अंक हासिल कर एक नया रिकार्ड बनाया है। पंजाब की टीम आईपीएल इतिहास में सत्र के पहले 6 मैचों में नहीं हारी है। उसने पांच मैच जीते हैं जबकि एक मैच बारिश के कारण पूरा नहीं हो पाया। पंजाब अंक तालिका में नंबर एक पर बनी हुई है। वहीं गत विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) दूसरे के अलावा राजस्थान रॉयल्स तीसरी और सनराइजर्स हैदराबाद चौथे नंबर पर है। राजस्थान रॉयल्स को एक अन्य मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ हुए मुकाबले में लगातार हार का सामना करना पड़ा। रायल्स को इस सत्र में दो हार मिली है पर इसके बाद भी वह अंक तालिका में दूसरे नंबर पर बनी हुई है।

## श्रेयस अय्यर की बहन श्रेष्ठा के वीडियो से हुआ विवाद

नई दिल्ली। भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर की बहन श्रेष्ठा अय्यर के सोशल मीडिया पर साझा किये एक वीडियो से विवाद पैदा हो गया है। दरअसल, श्रेष्ठा अय्यर ने अपने नए वीडियो में अपनी एक नई बिल्ली का परिचय कराया और उसका नाम जीजी बताया। वहीं क्रिकेट प्रशंसकों के बीच जीजी नाम नाम का प्रयोग आमतौर पर कोच गौतम गंभीर के उपनाम के तौर पर किया जाता है, जो इस विवाद का कारण बन गया है। वीडियो में श्रेष्ठा अपनी बिल्ली को संबोधित करते हुए कुछ ऐसे वाक्य कहती हैं, जिन्हें प्रशंसक गंभीर पर सीधा और जानबूझकर किया गया निशाना मान रहे हैं। वह कहती हैं, हेलो दोस्तों, मिलिए मेरे नए बेबी 'जीजी' अभी छोटा बच्चा है, इसलिए उसे अभी कुछ चीजें सीखने की जरूरत है। उसे यह सीखना होगा कि 'चिकन' शब्द पर कैसे प्रतिक्रिया दी जाती है। यहां तक कि जब आप सो रहे हों, तब भी आपको 'चिकन' शब्द का जवाब देना होगा। सोशल मीडिया पर यूजर्स श्रेष्ठा के इन वाक्यों का गहरा विश्लेषण कर रहे हैं। वहीं कई लोग भारतीय हेड कोच गौतम गंभीर की निर्णय लेने की क्षमता और उनकी समझ पर एक कटाक्ष मान रहे हैं। अंग्रेजी में चिकन शब्द का प्रयोग अक्सर डरपोक या कायर व्यक्ति के लिए किया जाता है। प्रशंसकों का मानना है कि श्रेष्ठा इसके माध्यम से गौतम गंभीर के कुछ फैसलों या उनकी शख्सियत को डरपोक या कायरतापूर्ण बताने की कोशिश कर रही हैं। इस तरह की टिप्पणियां सोशल मीडिया पर तेजी से फैल गई हैं, और लोगों ने इनपर कड़ी प्रतिक्रियाएं दी हैं।इस पूरे विवाद की जड़ श्रेयस अय्यर के प्रशंसकों के बीच लंबे समय से चली आ रही एक धारणा से जुड़ी है। उनके प्रशंसकों का यह मानना रहा है कि श्रेयस अय्यर को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) में वह सम्मान और श्रेय नहीं मिला, जिसके वे वास्तविक अधिकारी थे। विशेष रूप से, 2024 में श्रेयस अय्यर की कप्तानी में केकेआर ने अपना तीसरा आईपीएल खिताब जीता था, जो एक बड़ी उपलब्धि थी।

## धोनी की वापसी को लेकर मुझे जानकारी नहीं -कोच हसी

चेन्नई। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह अभी तक इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस 19 वें सत्र में एक भी मैच में नहीं उतरे हैं। इससे धोनी के प्रशंसक आशंकित हैं और उनको लग रहा है कि कहीं धोनी संन्यास तो नहीं ले रहे क्योंकि वह 44 साल के हो रहे हैं और लीग शुरु हुए महीना पूरा होने जा रहा है। इसी को लेकर जब टीम के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी से पूछा गया तो उनका भी कहना है कि धोनी की वापसी को लेकर उन्हें जानकारी नहीं है। धोनी आईपीएल की शुरुआत से पहले ही अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल हो गये थे। उनकी पिंडली में चोट लगी थी जिससे वह उबर रहे हैं और टीम के साथ यात्रा भी कर रहे हैं।



सीएसके प्रबंधने ने भी अभी तक ये नहीं जानकारी दी है कि वह कब तक वापसी करेंगे। हसी के अनुसार धोनी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं पर अभी मैच के लिए पूरी तरह तैयार नहीं हैं। हसी से जब पूछा गया कि क्या धोनी की वापसी को लेकर कोई योजना है, तो उन्होंने कहा, नहीं, मुझे नहीं पता। मुझ बस इतनी जानकारी है कि वह अपनी रिहैब में अच्छी प्रगति कर रहे हैं और मैं उनकी बल्लेबाजी से उत्साहित हूं।फ्रहसी ने आगे कहा, फ्र वापसी इसपर आधारित रहेगी कि वह दौड़ने की स्थिति में हैं या नहीं क्योंकि वह पारी के आखिरी ओवरों में बल्लेबाजी करने उतरेंगे। ऐसे में उन्हें तेजी से एक या दो रन लेने होंगे। उन्हें देखना होगा कि दौड़ आसानी से लगा पा रहे हैं या नहीं। इसके बाद भी मुझे में चाहूंगा कि वह शीघ्र वापसी करें।

## पंजाब आईपीएल अंकतालिका में 10 अंकों से ऊपर पहुंचने वाली पहली टीम बनी

न्यू चंडीगढ़ । पंजाब किंग्स ने आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ जीत के साथ ही एक नया रिकार्ड अपने नाम किया है। इस जीत के साथ ही पंजाब आईपीएल अंकतालिका में 10 अंकों से ऊपर पहुंचने वाली पहली टीम बन गयी है। उसके अब 11 अंक हो गये हैं। पंजाब ने आईपीएल के शुरुआती 6 मुकाबलों में से पांच जीते हैं जबकि एक बारिश के कारण नहीं हो पाया। वहीं इस मैच में मिली हार के साथ ही सुपरजायंट्स अपना चौथा मैच हारी है।

इस मैच में पंजाब के सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य ने 37 गेंद में 93 रन जबकि कूपर कोनोली ने 87 रनों की पारी खेलकर पंजाब को एक बड़े स्कोर तक पहुंचाया। वहीं बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए सुपरजायंट्स के बल्लेबाजों ने काफी प्रयास किया पर असफल रहे। इस मैच में पावरप्ले में 63 रन बने। इस मैच का आकर्षण प्रियांस की पारी रही। इस बल्लेबाज ने अपनी जगह पर खड़े-खड़े कई शॉट लगा दिये। यहां तक की बाउंसर गेंदों पर भी आसानी से पुल या हुक शॉट लगा दिये। दूसरी ओर कोनोली भी तेज से शॉट खेलते दिखे।



प्रियांश ने अपना अर्धशतक सिर्फ 19 गेंदों में पूरा किया जबकि कोनोली ने 35 गेंदों में अपने 50 रन पूरे किये।

इस मैच में सुपरजायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत को एक गलती भारी पड़ गयी। जब पारी की शुरुआत में ही बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान ने कोनोली को आउट कर दिया था तो उन्होंने डीआरएस नहीं लिय जबकि रिप्ले में कोनोली आउट नजर आ रहे थे। इसके बाद कोनोली ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से मैच सुपरजायंट्स के हाथों से छीन लिया। इस मैच में

लखनऊ सुपर जायंट्स ने भी लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी बल्लेबाजी की। शुरुआत आयुष बदोनी और मिचेल मार्श ने पहले विकेट के लिए शुरुआत में ही 61 रन बना दिये। मार्श 28 गेंदों में 3 चौके और 2 छक्कों की मदद से 40 रन बनाकर आउट हुए. वहीं, बदोनी ने 21 गेंदों में 35 रन बनाए. उन्होंने अपनी इस पारी में 5 चौके और एक छक्का लगाया. कप्तान ऋषभ ने भी केवल 23 गेंदों में 43 रन बना दिये पर निकोलस पूरन इस मैच में भी रन नहीं बना पाये और दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाये।

## भारत में फीफा विश्वकप मैचों के प्रसारण को लेकर संशय बरकरार

नई दिल्ली। फीफा विश्व कप 2026 का इंतजार पूरे विश्व के साथ-साथ भारत में भी फुटबॉल प्रशंसक कर रहे हैं हालांकि इसके देश में प्रसारण को लेकर संशय छाया हुआ है। इसका कारण ये है कि अभी तक किसी भी भारतीय टेलीविजन या डिजिटल प्लेटफॉर्म ने इस मेगा इवेंट के मीडिया अधिकार नहीं खरीदे हैं, जिससे यह सवाल खड़ा हो गया है कि क्या भारतीय दर्शक इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट को देख पाएंगे या नहीं।



विश्व कप संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा। 11 जून, 2026 से इसकी शुरुआत होगी और यह पहली बार होगा जब 48 टीमें इसमें हिस्सा लेंगी, जिससे प्रतिस्पर्धा और भी रोमांचक होने की उम्मीद है। भारत की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम भले ही इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई हो, लेकिन देश में फुटबॉल के प्रति जुनून किसी से छिपा नहीं है। लाखों भारतीय प्रशंसक हर चार साल में होने वाले इस आयोजन का बेसब्री से इंतजार करते हैं, अपनी पसंदीदा टीमों और खिलाड़ियों को खेलते देखने के लिए उत्सुक रहते हैं। पिछले विश्व कपों में भी भारत में रिकॉर्ड तोड़ दर्शक संख्या दर्ज की गई थी, जो यहां के फुटबॉल प्रेम की गहराई को दर्शाता है।

लेकिन, इस बार स्थिति काफी अलग और चिंताजनक है। फीफा ने 2025 में ही विश्व कप के मीडिया अधिकारों की बिक्री प्रक्रिया शुरू कर दी थी, ताकि प्रसारणकर्ता को पर्याप्त समय मिल सके। विभिन्न देशों में अधिकार बेचे जा चुके हैं, लेकिन भारत में अभी तक कोई भी आधिकारिक प्रासरणकर्ता सामने नहीं आया है।

प्रसारण अधिकारों की बिक्री में यह गतिरोध मुख्य रूप से वित्तीय पहलुओं से जुड़ा हुआ प्रतीत होता है। फीफा ने शुरुआत में 2026 और 2030 दोनों विश्व कप के संयुक्त मीडिया अधिकारों की कीमत 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 830 करोड़ रुपये) आंकी थी, जो कि भारतीय बाजार के लिए एक बहुत बड़ी राशि मानी जा रही थी। इस भारी कीमत के कारण कोई भी संभावित खरीददार आगे नहीं आया। खरीदार न मिलने के बाद, फीफा ने कीमत में भारी कटौती करते हुए इसे 35 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 290 करोड़ रुपये) कर दिया। इतनी बड़ी कमी के बावजूद, अभी तक कोई भी भारतीय टेलीविजन चैनल या डिजिटल प्लेटफॉर्म इन अधिकारों को खरीदने के लिए तैयार नहीं हुआ है। यह स्पष्ट नहीं है कि ब्रॉडकास्टर्स अभी भी इस कीमत को बहुत अधिक मान रहे हैं या फिर उन्हें इसमें अपेक्षित व्यावसायिक लाभ नहीं दिख रहा है।

यह स्थिति भारत के करोड़ों फुटबॉल प्रशंसकों के लिए एक बड़ा झटका है, जो विश्व कप के रोमांचक मुकाबलों को अपने घरों में बैठकर देखने की उम्मीद लगाए बैठे हैं। अगर जल्द ही कोई समाधान नहीं निकलता है, तो संभव है कि भारतीय दर्शकों को फीफा विश्व कप 2026 के मैचों से वंचित रहना पड़े, जो सबसे निराशाजनक होगा। ऐसे में मैचो के प्रसारण के लिए फीफा और भारतीय प्रसारणकर्ताओं के बीच शीघ्र ही किसी समझौते की जरुर है।

## ऑरेंज कैप के लिए वैभव, पर्पल कैप की रेस में कंबोज शीर्ष पर पहुंचे

मुम्बई । राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ अपनी 46 रनों की पारी के साथ ही सबसे अधिक रनों के लिए मिलने वाली ऑरेंज कैप की दौड़ मे शीर्ष पांच बल्लेबाजों में शामिल हो गये हैं। वैभव ने इस मैच में 28 गेंदों पर 6 चौके और 2 छक्के लगाये। इस दौरान इस बल्लेबाज का स्ट्राइक रेट 164.29 का था। वैभव ने अब तक इस आईपीएल सत्र के 6 मैचों में 246 रन बनाये हैं, उन्होंने यह रन 41 की औसत और 236.54 के स्ट्राइक रेट से बनाये हैं। इस प्रकार वह सबसे अधिक रन बनाने वालों की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं पहले नंबर पर 283 रनों के साथ ही सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन हैं जबकि दूसरे पर गुजरात टाइटंस के शुभमन गिल 251 और तीसरे पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली 247 रन हैं। वहीं वैभव सूर्यवंशी 246 रनों के साथ ही चौथे और रजत पाटीदार 230 रनों के साथ ही पांचवे स्थान पर हैं। वहीं सबसे अधिक विकेटों के लिए मिलने वाली पर्पल कैप की सूची में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज





बेहतरीन प्रदर्शन कर पहले नंबर पर हैं उनके 6 मैचों में 13 विकेट हैं और वह पर्पप कैप की दौड़ में नंबर एक पर हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स के प्रिंस यादव ने 6 मैचों में 11 विकेट लेकर दूसरा स्थान हासिल किया है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2/20 और 8.59 का इकॉनमी रेट रहा है। तीसरे नंबर पर गुजरात टाइटन्स के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा हैं। प्रसिद्ध कृष्णा ने 5 मैचों में 11 विकेट लिए हैं।उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/28 रहा है और उनका 9.20 का इकॉनमी रेट रहा है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के भुवनेश्वर कुमार ने 6 मैचों में 10 विकेट लिए हैं। उनका इकॉनमी रेट 8.33 है, जो शीर्ष 5 में सबसे अच्छा है। राजस्थान रॉयल्स के रवि बिश्नोई पांचवे नंबर पर हैं। बिश्नोई ने 6 मैचों में 10 विकेट लिए हैं और उनका इकॉनमी रेट 9.50 है।

## तीनों ही प्रारुप में हैट्रिक लगाने वाले एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं अभिमन्यु मिथुन

मुम्बई। भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर अभिमन्यु मिथुन के नाम एक ऐसा रिकार्ड है। जो किसी अन्य के नाम पर नहीं हैं। अभिमन्यु ने अपने करियर में भारतीय टीम के ओर से केवल 9 मैच खेले हैं पर घरेलू क्रिकेटर में इस क्रिकेटर का करियर लंबा चला है। अभिमन्यु भारत के ऐसे पहले क्रिकेटर हैं, जिन्होंने घरेलू क्रिकेट के तीनों प्रारुपों में हैट्रिक लगायी है। उन्होंने रणजी ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश के खिलाफ हैट्रिक ली. विजय हजारे ट्रॉफी में तमिलनाडु और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में हरियाणा के खिलाफ हैट्रिक लगायी। ये ऐसा रिकार्ड है जो किसी के भी नाम नहीं



है। इस क्रिकेटर को तेज गेंदबाजी और अच्छी लाइन-लेंथ के लिए जाना जाता था। 2010 में श्रीलंका के खिलाफ गाले में उन्होंने अपने पहले ही टेस्ट की पहली पारी में 4 विकेट लिए थे। वहीं इसी साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अहमदाबाद में एकदिवसीय डेब्यू किया था। मिथुन ने भारत के लिए कुल 4 टेस्ट और 5 एकदिवीसय मैच खेलते हुए कुल 12 विकेट लिए है। मिथुन एक गेंदबाज के अलावा निचले क्रम में उपयोगी बल्लेबाजी भी कर लेते थे। टेस्ट क्रिकेट में उनका औसत 24.00 का रहा. उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट जून 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ और आखिरी एकदिवसीय दिसंबर 2011 में वेस्टइंडीज के ही खिलाफ खेला था.इस क्रिकेटर ने 2021 में भारतीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा कर दी थी। भले ही इस क्रिकेटर को भारतीय टीम में अधिक अवसर नहीं मिले, लेकिन कर्नाटक के लिए 300 से ज्यादा फर्स्ट क्लास विकेट और घरेलू क्रिकेट के तीनों प्रारुपों में हैट्रिक की उपलब्धि इस खिलाड़ी के नाम है। इसके अलावा टी20 के अंतिम ओवर में इस क्रिकेटर के नाम एक ओवर में 5 विकेट लेने का रिकार्ड भी है। अभिमन्यु ने साल 2019 में घरेलू क्रिकेट में ये रिकार्ड बनाया। तब कर्नाटक की ओर से खेलते हुए उन्होंने हरियाणा के खिलाफ सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पारी के आखिरी ओवर में पांच विकेट लिए थे। ओवर की पहली चार गेंदों पर उन्होंने लगातार 4 विकेट लिए और आखिरी गेंद पर 5वां विकेट लिया।

## शार्दुल ठाकुर और दीपक चाहर को बाहर करे मुम्बई इंडियंस- श्रीकांत

चेन्नई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कृष्णमाचारी श्रीकांत ने आईपीएल में खराब प्रदर्शन कर रहे मुम्बई इंडियंस के ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर और दीपक चाहर को आड़े हाथों लिया है। श्रीकांत ने कहा है कि इन दोनो को ही घर वापस भेज देना चाहिये क्योंकि ये दोनो ही अंतिम ग्यारह में रखे जाने के योग्य नहीं दिखते। श्रीकांत ने मुंबई इंडियंस के प्रबंधन से कहा है कि इन दोनो को आगे के मैचों में शामिल न करे। श्रीकांत ने कहा, मुझे नहीं पता कि मुंबई इंडियंस कैसे दीपक चाहर को अंतिम ग्यारह में शामिल किये हुए है। पहले ही ओवर में चाहर ने 21 रन दिए और फिर 22 रन दिए थे। 2.3 ओवर में 45 रन। वहीं शार्दुल ने 3 ओवर में 42 रन दिए। उन्होंने एक साथ 5.3 ओवर किए और 87 रन खर्च किए। उन्होंने साथ ही कहा, इस प्रकार के गेंदबाजों के साथ किया प्रकार से जीता जा सकता है। श्रीकांत इन दोनो से इतने नाराज दिखे की उन्होंने कहा कि इन्हें पैसे देकर आराम से घर बैठने को कहो। जब जरुरत होगी इन्हें बुला लिया जाएगा।। वहीं टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का प्रदर्शन भी अच्छा नहीं रहा है पर टीम के कोच महेला जयवर्धने ने उनका बचाव किया है।

## लेसनर ने डब्ल्यूडब्ल्यूई से संन्यास के संकेत दिये

सैन डियागो। डब्ल्यूडब्ल्यूई के इतिहास के सबसे बड़े और प्रभावशाली नामों में से एक, ब्रॉक लेसनर, ने हाल ही में हुए रेसलमेनिया 42 में अपनी हार के बाद संन्यास के संकेत दिये है। इस दौरान उन्होंने प्रशंसकों को भावनात्मक भी दिया। लेसनर ने इसमें अपने करियर के संभावित अंत के भी संकेत दिये, जिसने पूरे कुश्ती जगत में अटकलों को बढ़ा दिया। ओबा फेमी से मिली करारी हार के बाद रिंग में उनके संकेतों से अंदाज हो गया कि वह संन्यास लेने जा रहे हैं। लेसनर का डब्ल्यूडब्ल्यूई में करियर हमेशा शानदार रहा है। उन्हें निस्संदेह कुश्ती के महानतम खिलाड़ियों में से एक माना जाता है, जिन्होंने अपनी ताकत और कौशल से लाखों प्रशंसकों को दीवाना बनाया है.हर महान खिलाड़ी के जीवन में एक ऐसा समय आता है जब उन्हें अपने करियर को अलविदा कहना पड़ता है, और अब लेसनर भी उसी हाल में है। ओबा फेमी के खिलाफ उनका मैच एकतरफा और हैरान करने वाला रहा। ओबा फेमी ने पहले लेसनर के सिग्नेचर मूव को विफल कर दिया और फिर एक खतरनाक चोकस्लैम अपने घातक फॉल फ्रॉम ग्रेस मूव से लेसनर को पीछे कर दिया। यह हार, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया, लेसनर के करियर के सबसे निर्णायक पलों में से एक साबित हुई। मैच में हार के बाद ब्रॉक लेसनर धीरे-धीरे रिंग में बैठे, सामने देखा और फिर धीरे-धीरे अपने दोनों दस्ताने उतार दिए। इसके बाद एक पल का ठहराव आया और उन्होंने अपने जूते भी उतारकर रिंग के बीचो-बीच रख दिए।

## हरभजन ने नेहरा को एक शानदार कोच बताया

मुम्बई । दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने आईपीएल टीम गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा की जमकर प्रशंसा की है। हरभजन के अनुसार नेहरा बेहद जुनूनी और उत्साही कोच हैं जो टीम को एकजुट बनाये रखते हैं। हरभजन के अनुसार जिस प्रकार नेहरा खिलाड़ियों से लगातार बात करते हैं और उनकी परेशानी दूर करते हैं उसी का कारण है कि टीम भी बेहतर प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने कहा कि नेहरा का स्वभाव व तरीका ऐसा है कि वह कहीं भी और किसी भी प्रकार के हालातों में माहौल को सहज बना सकते हैं। वह जहां भी जाते हैं, अपने आसपास सभी लोगों को सरल स्वभाव से सहज बना देते




हैं। वह किसी फुटबॉल कोच की तरह नजर आते हैं जो लगातार दौड़ता रहता है। उनकी खेल की समझ काफी अच्छी है जो उन्हें एक बेहतरीन कोच बनाती है। जिस प्रकार उन्होंने गुजरात टाइटंस को तैयार किया है वह तारीफ के काबिल बात है। ड्ड वहीं पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना ने कहा है कि आईपीएल से पहले कार्तिक त्यागी और अशोक शर्मा ने जो कड़ी मेहनत की थी उसी का फल अब इन दोनो को मिल रहा है जिससे ये काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। विशेषकर कार्तिक ने जिस प्रकार से चोट से उबरकर वापसी की है उसकी जितनी प्रशंस की जाये वह कम है।

# पहलगाम हमले की पहली बरसी को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

श्रीनगर। एजेंसी।

*जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की पहली बरसी से पहले पूरी कश्मीर घाटी के पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है। सेना के अधिकारियों के अनुसार 22 अप्रैल को होने वाली बरसी के मद्देनजर सभी सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि 22 अप्रैल 2025 को बैसरन मैदान में हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की गोली मारकर हत्या की गई थी, जिसमें अधिकतर पर्यटक शामिल थे। यह हमला लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों द्वारा किया गया था।*



सेना के अधिकारियों ने बताया कि पिछले साल 22 अप्रैल को लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों ने पहलगाम में 26 लोगों को मार गिराया था। इस आतंकी हमले की पहली बरसी से पहले कश्मीर भर के टूरिस्ट जगहों पर सुरक्षा बढ़ाई गई है। उन्होंने कहा कि सभी सुरक्षा एजेंसियों को पहलगाम आतंकी हमले की बरसी से एक दिन पहले, खासकर टूरिस्ट जगहों के आसपास किसी भी संभावित विध्वंसक गतिविधि के लिए अलर्ट रहने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि एक फुलप्रूफ सुरक्षा प्लान बनाने के लिए ग्राउंड लेवल पर तैयारी मीटिंग की गई, जबकि सीनियर अधिकारियों ने हाल ही में इन इंतजामों का रिव्यू किया।

अब, करीब एक साल बाद, पहलगाम के मशहूर मैदान फिर टूरिस्ट की चहल-पहल से गुलजार हैं, और किसी को भी अनंतनाग जिले में मिनी स्विट्जरलैंड जाने का पछतावा नहीं है, जो पिछले साल के आतंकी हमले के साए से उबर रहा है। टूरिस्ट की सुरक्षा पक्का करने के लिए पहलगाम रिसॉर्ट में कई नए उपाय शुरू किए गए हैं। इसमें सर्विस प्रोवाइडर और वेंडर, जिसमें पोनीवाला भी शामिल है, का विजिटर से बात करने से पहले पहले का वेरिफिकेशन किया जा रहा है। पहलगाम में टूरिस्ट की सुरक्षा के लिए सभी टूरिज्म सर्विस प्रोवाइडर के लिए एक खास क्यूआर कोड-बेस्ड आइडेंटिफिकेशन सिस्टम शुरू किया गया है।

यह सिस्टम असली और रजिस्टर्ड सर्विस प्रोवाइडर, जिसमें पोनी-राइड ऑपरेटर, फेरीवाले, बिजनेस करने वाले, और बाहर के वेंडर शामिल हैं, की आसानी से पहचान और वेरिफिकेशन करने में मदद करता है। सेना के अधिकारियों ने कहा, हर सर्विस प्रोवाइडर की पुलिस ने ठीक से जांच की है, अधिकारियों ने रजिस्टर किया है और एक खास क्यूआर कोड दिया गया है जिसमें उस व्यक्ति की पर्सनल जानकारी और दूसरी डिटेल्स होती हैं। उन्होंने कहा कि जब टूरिस्ट अपने मोबाइल फोन से कोड स्कैन करते हैं, तब वे उस व्यक्ति के बारे में पूरी जानकारी देख सकते हैं। क्यूआर कोड में सर्विस प्रोवाइडर का नाम, माता-पिता का नाम, पूरा पता, मोबाइल नंबर, आधार नंबर, रजिस्ट्रेशन नंबर, ऑपरेशनल रूट और यह भी होता है कि वे पुलिस-वेरिफाइड हैं या नहीं।

हाल ही में एक मीटिंग के दौरान, कश्मीर के पुलिस इंस्पेक्टर जनरल आईजीपी ने निर्देश दिया कि आने वालों के लिए सुरक्षित माहौल पक्का करने के लिए खास टूरिस्ट जगहों सहित कमजोर जगहों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाए।

## नदियों में दूध प्रवाहित करने पर नाराज हुए रिटायर्ड जज ओका..वैज्ञानिक सोच विकसित करे

चेन्नई। सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज जस्टिस अभय एस ओका ने आस्था के नाम पर नदियों में दूध प्रवाहित करने पर नाराजगी जताकर कहा है कि अगर लोगों में वैज्ञानिक सोच होती, तब वे इस तरह नदियों में दूध नहीं बहाते। हाल ही में चेन्नई में जस्टिस ओका ने पर्यावरण को बचाने के लिए वैज्ञानिक सोच विकसित करने की जरूरत पर बल देकर कहा कि आस्था के नाम पर कोई भी काम करने से पहले, उस काम को वैज्ञानिक सोच के आधार पर परखना जरूरी है। जस्टिस ओका ने कहा कि वैज्ञानिक सोच के आधार पर परखने वाला विश्लेषण धर्म के खिलाफ नहीं है। नदियों में दूध प्रवाहित करने और नदियों में स्नान की प्रथा का जिक्र कर जस्टिस ओका ने कहा कि अगर इसतरह के फैसलों को वैज्ञानिक सोच की कसौटी पर परखा जाए, तब पता चलेगा कि नदियों में दूध बहाने से जलीय जीवन पर बुरा असर पड़ता है और ठीक होने में काफी समय लगता है। उन्होंने कहा, धर्म के नाम पर, हम अपने पर्यावरण को नुकसान पहुँचाते हैं। अगर मैं वैज्ञानिक सोच विकसित करता हूँ, तब इसका मतलब यह नहीं है कि मैं किसी आस्था या धर्म के खिलाफ हूँ। रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस ओका ने कहा, मैं एक उदाहरण देता हूँ। उन लोगों को लीजिए जो नदियों में दूध बहाते हैं। अब, वैज्ञानिक सोच क्या है? कोई भी काम करने से पहले, आपको उस काम को विज्ञान के आधार पर परखना चाहिए। आपको पता चलेगा कि दूध नदियों को बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचा सकता है। यह पानी को काफी हद तक प्रदूषित कर सकता है और ठीक होने में लंबा वक्त लगेगा, क्योंकि दूध में ऐसा गुण होता है कि यह ऑक्सीजन सोख लेता है। अब, अगर वहाँ बैठे उन लोगों में वैज्ञानिक सोच होती, तब वे ऐसा नहीं करते। इसलिए जब हम धर्म के नाम पर ऐसा कुछ करते हैं जिससे पर्यावरण पर असर पड़ता है, तब हमें यह परखना चाहिए कि हम जो करने जा रहे हैं, वह विज्ञान के आधार पर सही है या नहीं। आखिरकार, वैज्ञानिक सोच ही हमें बताती है कि क्या गलत है और क्या सही है। जब जस्टिस ओका से पूछा कि वैज्ञानिक सोच विकसित करने की जरूरत और पर्यावरण की रक्षा करने की जरूरत, अधिकारों और कर्तव्यों के बीच क्या संबंध है, तब जज ने वैज्ञानिक सोच और धार्मिक अधिकारों के पालन के बीच के आपसी तालमेल के बारे में विस्तार से बताया। जस्टिस ओका ने बताया कि हमारे देश में, अक्सर गरीबों को ही प्रदूषण का सबसे ज्यादा खामियाज़ा भुगतना पड़ता है, जबकि शहरों में रहने वाले लोग, जो अक्सर प्रदूषण फैलाने में अधिक योगदान देते हैं, शहरों में आराम से रहते हैं।

## महिला आरक्षण बिल पर योगी सरकार ने बुलाया 30 अप्रैल को विधानमंडल का विशेष सत्र

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने 2027 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए महिला आरक्षण के मुद्दे पर अपनी राजनीतिक रणनीति तेज कर दी है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार ने 30 अप्रैल को विधानमंडल का विशेष सत्र बुलाने के प्रस्ताव को रविवार रात कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिए मंजूरी दे दी। संसद में नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक के पारित न हो पाने के बाद इस मुद्दे पर सियासत गरमा गई है।

विपक्ष जहां विधेयक की खामियों को गिनाकर अपने विरोध को सही ठहरा रहा है, वहीं भारतीय जनता पार्टी इस मुद्दे को लेकर विपक्ष पर हमलावर है और इसे चुनावी रणनीति का अहम हिस्सा बना रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही इस मामले में विपक्ष पर तीखा हमला बोल चुके हैं। मिली जानकारी के अनुसार, 30 अप्रैल को होने वाले इस विशेष सत्र में सरकार महिला आरक्षण पर अपनी स्थिति स्पष्ट करेगी और विपक्ष के रुख को लेकर उसे घेरने की रणनीति अपनाएगी। सत्र के दौरान विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाने की भी चर्चा है। चूंकि सत्र बुलाने के लिए सदस्यों को कम से कम सात दिन पहले सूचना देना जरूरी होता है, इसलिए प्रस्ताव को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के जरिए मंजूरी दी गई। अब इसे राज्यपाल की स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। सरकार का आरोप है कि विपक्ष महिला सशक्तीकरण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर भी राजनीति कर रहा है। वहीं, विपक्ष इस विधेयक को अधूरा और खामियों से भरा बताते हुए सरकार की मंशा पर सवाल उठा रहा है।

## सुकेश महाठगी मामला-अभिनेत्री जैकलीन के सरकारी गवाह बनने की याचिका पर सुनवाई टली

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस से जुड़े 200 करोड़ रुपये के कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फिर कानूनी प्रक्रिया आगे बढ़ी है। मामले में जैकलीन की ओर से सरकारी गवाह (अप्रूवर) बनने के लिए दायर की गई अर्जी पर पटियाला हाउस कोर्ट में सुनवाई टल गई है। अब मामले की अगली सुनवाई 8 मई को होगी। इस देरी के कारण केस में एक नया मोड़ आ गया है और सभी पक्षों की नजर अब अगली तारीख पर टिकी हुई है। सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अदालत से अतिरिक्त समय की मांग की, जिसे कोर्ट ने स्वीकार किया। ईडी ने स्पष्ट किया कि वह जैकलीन की अर्जी का विरोध कर रही है। एजेंसी का कहना है कि अभिनेत्री द्वारा सरकारी गवाह बनने का अनुरोध ᢇआधारहीनᢇ है और इस अर्जी को स्वीकार करने का कोई ठोस कारण नहीं बनता। ईडी ने आशंका जाहिर की कि यह कदम मामले से बचने की कोशिश हो सकता है।



यह पूरा मामला कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़ा है, जिस पर रैनबैक्सी के पूर्व प्रमोटरों के परिवार से करीब 200 करोड़ रुपये की ठगी और मनी लॉन्ड्रिंग के गंभीर आरोप हैं। जांच के दौरान ईडी ने दावा किया था कि सुकेश ने अवैध तरीके से हासिल किए गए पैसों से जैकलीन को कई महंगे उपहार दिए थे, जिसमें लग्जरी बैग, हीरे की ज्वेलरी, घड़ियां और अन्य कीमती वस्तुएं शामिल थीं। इन्हीं आधारों पर जैकलीन को इस मामले में आरोपी के रूप में जोड़ा गया था। दूसरी ओर, अभिनेत्री का कहना है कि उन्हें सुकेश के आपराधिक इतिहास या उसकी असल पहचान के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। उनका दावा है कि सुकेश ने खुद को एक सफल और प्रभावशाली कारोबारी के रूप में पेश किया था और इस वजह से वह गुमराह हो गईं। इस मामले की शुरुआत वर्ष 2021 में हुई थी, जब दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने सुकेश के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था। बाद में जांच को प्रवर्तन निदेशालय ने अपने हाथ में लिया और मनी लॉन्ड्रिंग के पहलू से जांच शुरू की। अब 8 मई की सुनवाई को इस केस में बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इससे आगे की कानूनी दिशा तय हो सकती है।

## प्रदर्शनकारियों-सुरक्षा बलों में झड़प

### मशाल रैली रोकने पर टकराव हुआ,आंसू गैस छोड़ी

इंफाल। मणिपुर में शटडाउन के बीच रविवार रात कई इलाकों में प्रदर्शन हुए। इंफाल ईस्ट के कोईरेंगेई, इंफाल वेस्ट के उरिपोक और कक्चिंग जिले में मशाल रैलियां निकाली गईं। कक्चिंग में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प हुई। भीड़ को हटाने के लिए सुरक्षा बलों ने आंसू गैस, स्मोक बम और स्टन ग्रेनेड का इस्तेमाल किया। प्रदर्शनकारियों ने पथराव किया। झड़प में कई लोग घायल हुए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दरअसल, 6 अप्रैल को ट्रोंग्लाओबी आवांग लेइकाई एक घर पर बम धमाके में दो बच्चों की मौत हुई थी। इन्हीं के न्याय के लिए प्रदर्शन हो रहे है। हालात को काबू में करने के लिए रैपिड एक्शन फोर्स तैनात की गई। इंफाल वेस्ट के एसपी शिवकांत सिंह ने कहा कि हाल के प्रदर्शनों में कुछ असामाजिक तत्व रैलियों का फायदा उठाकर सुरक्षाबलों पर हमला कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हमलों में लोहे के प्रोजेक्टाइल, गुलेल, पत्थर और पेट्रोल बम का इस्तेमाल किया गया। कई लोग नशे की हालत में भी पाए गए। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बीजेपी की राजनीति ने एक शांतिपूर्ण राज्य को गृहयुद्ध में धकेल दिया- राहुल गांधी

### एआईएडीएमके गौरवशाली पार्टी अब बीजेपी के हाथों का बन गई खिलौना

कन्याकुमारी। मणिपुर में दो मासूम बच्चों की मौत के बाद फैले तनाव के बीच राहुल गांधी ने बीजेपी सरकार को घेरा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी की राजनीति ने एक शांतिपूर्ण राज्य को गृहयुद्ध में धकेल दिया है। राहुल गांधी ने मणिपुर के हालातों पर दुख जताते हुए कहा कि मणिपुर जैसा शांतिपूर्ण राज्य आज जल रहा है। बीजेपी ने वहां आग लगाई है, जिसमें सैक ?ों मासूमों की जान चली गई। वहां आज भी गृहयुद्ध जैसे हालात हैं।

यह बयान मणिपुर के ट्रोंगलाओबी अवांग लीकाई में उग्रवादी हमले में एक 5 साल के बच्चे और उसकी 5 महीने की बहन की दुखद मौत के बाद आया है। इस घटना के बाद मणिपुर में फिर से विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं और सुरक्षा बलों को भी ? को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोलों छोड़ने पड़ रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के प्रचार के दौरान राहुल गांधी ने बीजेपी पर क्षेत्रीय दलों को नियंत्रित करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि बीजेपी दिल्ली से राज्यों को चलाना चाहती है। तमिलनाडु के लोग खुद अपनी सरकार चलाएं, हम इसमें यकीन रखते हैं। राहुल ने एआईएडीएमके को एक खोखली पार्टी बताते हुए कहा कि कभी गौरवशाली रही यह पार्टी अब बीजेपी के हाथों का खिलौना बन गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार के ड र से एआईएडीएमके के नेतृत्व ने बीजेपी के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। उन्होंने बीजेपी की विचारधारा पर प्रहार करते हुए कहा कि बीजेपी चाहती है कि एक ही भाषा और एक ही परंपरा पूरे देश पर थोपी जाए, जबकि कांग्रेस हर राज्य की अपनी भाषा, संस्कृति और इतिहास के सम्मान की पक्षधर है।



राहुल ने कहा कि अन्नाद्रमुक का नेतृत्व भ्रष्टाचार के कारण बीजेपी के सामने समर्पण कर चुका है। कन्याकुमारी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि अन्नाद्रमुक अब तमिलनाडु में बीजेपी के प्रवेश का माध्यम बन गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि आरएसएस द्रविड़ विचारधारा से नफरत करता है और तमिलनाडु पर शासन करना चाहता है। राहुल ने संघीय सिद्धांतों पर जोर देते हुए कहा कि हर राज्य की अपनी आवाज और प्रतिनिधित्व होना चाहिए।

राहुल गांधी ने कहा कि तमिलनाडु का शासन यहां के लोगों के हाथ में होना चाहिए। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने पीएम मोदी को प्रभावित करने की कोशिश की और इसके बाद मोदी तमिलनाडु को ई के पलानीस्वामी के जरिए नियंत्रित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि द्रविड़ मुन्नेत्र कणगम (द्रमुक) और कांग्रेस तमिल भाषा, संस्कृति और इतिहास की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## हैदराबाद हाउस में भारत-कोरिया वार्ता, संबंधों को नई मजबूती देने पर जोर

### पीएम मोदी और ली जे म्युंग की बैठक, रक्षा-व्यापार समेत कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा

नई दिल्ली। भारत दौरे पर आए दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ राजधानी स्थित हैदराबाद हाउस में अहम द्विपक्षीय बैठक की। इस मुलाकात में दोनों देशों के बीच विशेष सामरिक साझेदारी को और मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। इस खास बैठक के दौरान व्यापार, रक्षा, प्रौद्योगिकी, अर्धचालक (सेमीकंडक्टर), बैटरी निर्माण और साइबर सुरक्षा जैसे अहम क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। साथ ही इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए साझा रणनीति पर भी विचार-विमर्श किया गया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने इस मुलाकात को भारत-दक्षिण कोरिया विशेष सामरिक साझेदारी को आगे बढ़ाने वाला महत्वपूर्ण कदम बताया। भारत और दक्षिण कोरिया के बीच यह विशेष सामरिक साझेदारी वर्ष 2010 में स्थापित हुई थी, जिसके बाद दोनों देशों के रिश्ते लगातार मजबूत हुए हैं। वर्तमान में द्विपक्षीय व्यापार 30 बिलियन डॉलर से अधिक है और भारत कोरियाई कंपनियों के लिए एक प्रमुख निवेश गंतव्य बनकर उभर रहा है। राष्ट्रपति ली जे म्युंग की यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब वैश्विक स्तर पर सप्लाई चेन, क्षेत्रीय सुरक्षा और आर्थिक सहयोग को लेकर नई चुनौतियां सामने हैं। ऐसे में दोनों देशों के बीच बढ़ता तालमेल इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभा सकता है। अपने दौरे के दौरान राष्ट्रपति ली ने भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और लोकतांत्रिक मूल्यों की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि भारत और दक्षिण कोरिया मिलकर शांति, विकास और साझा समृद्धि की दिशा में एक मजबूत भविष्य का निर्माण कर सकते हैं।

## यातायात नियमों को तोड़ने वाले 26 हजार वाहनों की आरसी निलंबित करने की तैयारी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर परिवहन विभाग ने बार-बार यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करने की पहल कर जम्मू जिला में 26 हजार वाहनों की आरसी निलंबित करने की प्रक्रिया शुरु की है। जम्मू के आरटीओ जसमीत सिंह ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों के अनुसार, परिवहन विभाग इसतरह के चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करने जा रहा है, जो बार-बार यातायात नियमों की अनदेखी करते हैं। जम्मू जिले में इसतरह के 26 हजार वाहन चिह्नित किए गए हैं, जिनका एक वर्ष में पांच से अधिक बार चालान हुआ है।

इसतरह के वाहनों के मालिकों अपना पक्ष रखने के लिए प्रदेश के सूचना विभाग एवं परिवहन विभाग की वेबसाइट के माध्यम से 15 दिन का समय दिया गया है। विभाग की ओर से इन सभी वाहनों की आरसी निलंबित की जाएगी।

इसकी सूचना आइजी ट्रैफिक को दी जाएगी और इसके उपरांत निलंबित आरसी वाले वाहन का चालन सड़क पर वाहन दौड़ाता नजर आता है, तब वाहन ट्रैफिक पुलिस की ओर से जब्त किया जाएगा। कुल मिलाकर ट्रैफिक विभाग की ओर से प्रदेशभर में 68 हजार वाहनों की आरसी निलंबित करने की सिफारिश की गई है। आरटीओ ने बताया कि इनमें से कुछ वाहन ऐसे हैं, जिनका चालान 300 से अधिक बार हो चुका है। ऐसे वाहन मालिकों को भी विभाग की ओर से नोटिस जारी कर दिया गया है।

## भारत में दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ली जे म्युंग का भव्य स्वागत, राजघाट पर गांधी को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। भारत और दक्षिण कोरिया के बीच रिश्तों को नई मजबूती देने वाले एक महत्वपूर्ण क्षण में, कोरियाई राष्ट्रपति ली जे म्युंग का सोमवार को नई दिल्ली में भव्य स्वागत किया गया। उनका यह तीन दिवसीय राजकीय दौरा दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने वाला माना जा रहा है। राष्ट्रपति भवन में आयोजित औपचारिक स्वागत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान राष्ट्रपति ली को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। राष्ट्रपति ली के साथ उनकी पत्नी किम ही-क्यूंग भी भारत आई हैं, जिससे इस यात्रा का औपचारिक और सांस्कृतिक महत्व और बढ़ गया है। स्वागत समारोह में भारतीय संस्कृति और परंपरा की झलक देखने को मिली, जहां बच्चों ने भारत और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रीय ध्वज लहराकर अतिथि का अभिनंदन किया। भारत पहुंचने के बाद राष्ट्रपति ली ने अपने कार्यक्रम की शुरुआत राजघाट जाकर की, जहां उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। यह कदम दोनों देशों के बीच साझा मूल्यों—अहिंसा, शांति और लोकतंत्र—के प्रति सम्मान को दर्शाता है। भारत और दक्षिण कोरिया के बीच बढ़ता सहयोग इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में संतुलन और स्थिरता के लिहाज से भी अहम माना जा रहा है। ऐसे में राष्ट्रपति ली जे म्युंग की यह यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊंचाई देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है।

## मणिपुर में 2 मासूमों की मौत के बाद रात में सड़कों पर उतरे हजारों लोग

इंफाल। मणिपुर में रविवार रात हजारों लोग मणिपुर के कई जिलों में सड़कों पर उतर गए और जबर्दस्त विरोध-प्रदर्शन किया। ये लोग हाल ही में हुए बम धमाके के खिलाफ प्रोटेस्ट कर रहे थे। इस धमाके में दो बच्चों की मौत हो गई थी। इस दौरान इंफाल ईस्ट के कोईरेंगई और हट्टा गोलपाटी, काकचिंग जिला और इंफाल वेस्ट जिले के मयाई लाम्बी में रात के समय रैलियां निकाली गईं। प्रदर्शनकारियों की सुरक्षा बलों के साथ झड़प भी हुई। पुलिस के मुताबिक सुरक्षा बलों ने इन जिलों के कई स्थानों पर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ऑल मणिपुर यूनाइटेड क्लब्स ऑर्गनाइजेशन और अन्य संगठनों ने पहाड़ी जिलों में सक्रिय कुकी उग्रवादियों के खिलाफ तत्काल एक्शन की मांग की। रैली में शामिल लोगों ने 2027 की जनगणना से पहले राष्ट्रीय नागरिक पंजी लागू करने की भी मांग की। साथ ही 7 अप्रैल को बिष्णुपुर के त्रोंगलाओबी में हुए बम हमले के जिम्मेदार लोगों की गिरफ्तारी की भी मांग की, जिसमें दो बच्चों की मौत हो गई थी। बम हमले के बाद घाटी के पांचों जिलों में विभिन्न स्थानों पर विरोध प्रदर्शन हुए। मणिपुर पुलिस का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से इंफाल के विभिन्न इलाकों में रात के समय रैलियां निकाली जा रही हैं। रैलियों में कई मौकों पर कुछ असामाजिक तत्व प्रदर्शनकारियों के रूप में छिपकर, हिंसक गतिविधियों में शामिल हैं। इनमें पेट्रोल बम का इस्तेमाल, लोहे के प्रोजेक्टाइल से लैस गुलेल का इस्तेमाल और सुरक्षा बलों पर पत्थरबाजी शामिल है। इन उकसावों के बावजूद, सुरक्षा बलों ने भीड़ को तितर-बितर करते समय संयम बरता है, ताकि किसी भी तरह का नुकसान न हो।

# पद्मेश न्यूज़
शहर | समाज | गांव

12

बालाघाट एक्सप्रेस

/padmeshmedia /padmeshmedia
epaper.balaghatexpress.in
E-mail: balaghatexpress@gmail.com


## न्यूज गैलरी

### ट्रैक्टर रोड किनारे पेड़ से टकराया- ट्राली से गिरने से एक व्यक्ति घायल

**पदमेश न्यूज। बालाघाट।** बैहर थाना अंतर्गत बालाघाट रोड पर स्थित ग्राम गोहारा और पिपरिया के बीच ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर रोड किनारे पेड़ से टकरा गई। सड़क दुर्घटना में ट्रैक्टर ट्राली में बैठे एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया है यह व्यक्ति महिपाल पिता मिस्टर मरावी 57 वर्ष ग्राम मोहबट्टा थाना बैहर निवासी है। जिसका इलाज जिला अस्पताल बालाघाट में किया जा रहा है। प्राप्त



जानकारी के अनुसार महिपाल मरावी अपने परिवार के साथ खेती किसानी करता है। जिसके परिवार में दो बेटे और एक बेटी है बड़े बेटे और बेटी की शादी हो चुकी है। बताया गया है कि महिपाल ग्राम गोहारा में मकान बनवा रहा है। 20 अप्रैल को दोपहर में महिपाल अपने बेटे राकेश मरावी के साथ ग्राम मोहबट्टा से ट्रैक्टर ट्राली में घरेलू सामान लेकर ग्राम गोहारा जा रहे थे। ट्राली में महिपाल बैठा था और उसका बेटा राकेश मेरावी ट्रैक्टर चला रहा था। पिपरिया और गोहारा के बीच सामने से आ रहे 10 चक्का ट्रक को साइड देते समय ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर रोड किनारे पेड़ से टकरा गया। जिससे ट्रैक्टर ट्राली में बैठे महिपाल ट्रैक्टर ट्राली से उछलकर नीचे गिर गया सर में चोट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे डायल 112 से बैहर अस्पताल ले जाकर भर्ती किये। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया है।

# अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरोह का पर्दाफाश, पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**9 आरोपी गिरफ्तार, 23 किलो से अधिक गांजा जब्त, 6 राज्यों में फैले नेटवर्क का खुलासा, पुलिस ने 25 हजार कि.मी तक की जांच**





सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बालाघाट पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने अंतर्राज्यीय स्तर पर सक्रिय गांजा तस्कर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में 23.140 किलोग्राम अवैध गांजा सहित वाहन और अन्य सामग्री भी जब्त की गई है। पूरे मामले का खुलासा पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित प्रेस वार्ता में वरिष्ठ अधिकारियों ने किया। प्रेस वार्ता के दौरान अजाक्स डीएसपी बिंदुसार ने बताया कि वारासिवनी-रामपायली क्षेत्र में की गई प्रारंभिक कार्रवाई में पुलिस ने एक बजाज पल्सर मोटरसाइकिल से 21 किलोग्राम गांजा बरामद किया था। इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था, जिनमें एक बालाघाट और दो उड़ीसा के निवासी थे। इनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20, 25, 29 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।**

मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एक विशेष जांच दल का गठन किया गया। इस टीम ने तकनीकी विश्लेषण, पूछताछ और साक्ष्यों के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया। जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि यह कोई साधारण मामला नहीं, बल्कि एक संगठित अंतर्राज्यीय तस्करी नेटवर्क है, जो कई राज्यों में सक्रिय है और गांजा सप्लाई की पूरी श्रृंखला को संचालित करता है। टीम ने मध्यप्रदेश के अलावा उड़ीसा, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, राजस्थान और गुजरात जैसे राज्यों में लगातार दबिश दी। इस दौरान टीम ने करीब 25,000 किलोमीटर की लंबी दूरी तय कर विभिन्न स्थानों से साक्ष्य जुटाए और संदिग्धों की गतिविधियों पर नजर रखी। लगातार प्रयासों के बाद टीम ने पूरे नेटवर्क को चिन्हित करते हुए एक-एक कर आरोपियों तक पहुंच बनाई। पुलिस ने इस कार्रवाई में मुन्ना बर्वे पिता बुधराम बर्वे जाति कहार उम्र 54 साल निवासी वार्ड नंबर 11 भटेरा रोड़ बालाघाट , मिकेन्द्र उर्फ मुकेश देव पिता सुधीर देव उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम मायासारासिंग थाना कोडाला जिला गंजाम उडीसा, दिल्लीप सुना पिता गोलेख सुना उम्र 32 साल निवासी नांदिया नागेर थाना मानामुण्डा जिला बौद्ध उडीसा, राज उर्फ आशुतोष पारधी पिता सुन्दरलाल पारधी उम्र करीबन 38 वर्ष निवासी ग्राम सेलवा थाना कटंगी , विजय नायक उर्फ बिजया नाईक पिता कुल्ली नाईक उम्र 30 साल निवासी मृत्युंजयपुर पोष्ट डपाला बगियाबहल मानामुण्डा जिला बौद्ध उड़ीसा, कैलाश चंद्र खमारी पिता दिबाकरा खमारी उम्र 38 साल निवासी तुकेलपाली पोष्ट डपाला मानामुण्डा जिला बौद्ध उड़ीसा , बुल्ला उर्फ बबलु उर्फ वीरभद्र समन्तारा पिता भास्कर समन्तारा उम्र 25 साल निवासी अठगढ़ थाना केसनगर हल्दियापदर उड़ीसा , जग्गा उर्फ जगदीश पाडुआ पिता डमरुधर पाडुआ उम्र 38 साल निवासी रकापटा थाना सेरेगड़ा जिला गंजाम उड़ीसा , तेजशंकर पिता उदयलाल पाटीदार जाति पाटीदार कुनबी उम्र 37 साल निवासी ग्राम कानोर सरवानिया तहसील वल्लभनगर जिला उदयपुर (राजस्थान) सहित कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक हौंडा यूनिकॉर्न मोटरसाइकिल, एक टाटा 407 पिकअप वाहन, 10 मोबाइल फोन और अतिरिक्त 2.140 किलोग्राम गांजा बरामद किया। इस प्रकार कुल 23.140 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा की जब्ती की गई है। पुलिस अब आरोपियों के बैंक खातों और वित्तीय लेन-देन की भी जांच कर रही है। फाइनेंशियल ट्रेल के माध्यम से यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि तस्करी से अर्जित धन कहां और किस तरह उपयोग किया गया। यदि जांच में कोई संदिग्ध लेन-देन सामने आता है, तो संबंधित धाराओं के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अभी भी इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है और तस्करी से अर्जित संपत्तियों की जानकारी जुटाई जा रही है। आने वाले समय में इस मामले में और भी खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है। बालाघाट पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, विशेषकर मादक पदार्थों से संबंधित जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि ऐसे अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके और समाज को नशे के दुष्प्रभावों से बचाया जा सके।

## शौच के दौरान सांप के डंसने से वृद्ध कृषक की मौत-परिवार में मातम

**पदमेश न्यूज। बालाघाट।** जहरीले सांप के काटने से बेहोश एक कृषक की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक कृषक रमेश गिरी पिता पूरन गिरी 71 वर्ष ग्राम चंदपुरी थाना लालबर्रा निवासी है। 19 अप्रैल की शाम 6:30 बजे यह घटना उस समय हुई जब यह कृषक अपने खेत सोच के लिए गया था। जिला अस्पताल पुलिस इस कृषक का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है । प्राप्त जानकारी के अनुसार रमेश गिरी खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। 19 अप्रैल रविवार शाम करीब 6:30 बजे रमेश गिरी भोजन करने के बाद घर के पास स्थित खेत में शौच के लिए गए थे। शौच के दौरान ही एक जहरीले सांप ने उनके कूल्हे पर दो बार डंस लिया।सांप के काटते ही रमेश गिरी तुरंत घर पहुंचे और परिजनों को पूरी घटना बताई। परिजन उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे।जहां इलाज के दौरान देर रात करीब 11:00 बजे उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही जिला अस्पताल पुलिस ने रमेश गिरी का शव अपने कब्जे में लिए। 20 अप्रैल को सुबह शव पंचनामा कार्यवाही पश्चात पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिए हैं। जिला अस्पताल पुलिस ने धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर मर्ग डायरी अग्रिम कार्रवाई हेतु घटनास्थल से संबंधित पुलिस थाना लालबर्रा भिजवा दी है।रमेश गिरी की अचानक मौत से चंद्रपुरी गांव में शोक की लहर है। ग्रामीणों ने बताया कि रमेश बेहद मिलनसार स्वभाव के थे। खुले में शौच के दौरान हुए इस हादसे ने एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालय के उपयोग और सर्पदंश से बचाव को लेकर जागरूकता की जरूरत को उजागर किया है।



## सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति घायल

**पदमेश न्यूज। बालाघाट।** बैहर रोड पर सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्ति घायल हो गए दोनों घायल व्यक्ति रामलाल पिता कुंजीलाल मरावी 31 वर्ष और दशरथ पिता राजकुमार चचाने 27 वर्ष दोनों ग्राम हुड्डी टोला थाना रूपझर निवासी है। जिन्हें जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामलाल और दशरथ दोनों मजदूरी करते हैं। 19 अप्रैल को दोपहर हर 4:00 बजे करीब दशरथ अपने गांव के रामलाल के साथ मोटरसाइकिल में कुआ जा रहे थे। तभी रूपझर के पास अचानक गाय सामने आ जाने से मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई। जिससे दोनों व्यक्ति मोटरसाइकिल सहित गिरने से घायल हो गए। दोनों घायल को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया गया है।

## एक व्यक्ति ने शराब की नशे में अपने बेटी और भाई से की मारपीट

**पदमेश न्यूज ।बालाघाट।** नगर के वार्ड नंबर 24 इंदिरा नगर में एक व्यक्ति ने शराब के नशे में जहां अपनी बेटी को मारपीट कर दिया वहीं छोटे भाई को भी मारपीट कर उसे दांत से काट कर घायल कर दिया। यह आरोप कलीम खान पिता शाहिद खान 26 वर्ष ने लगाते हुए वह अपनी 14 वर्षीय भतीजी के साथ इलाज करवाने जिला अस्पताल बालाघाट पहुंचा। जहां दोनों का इलाज किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कलीम खान मजदूरी करते है। 20 अप्रैल को दोपहर 1:30 बजे कलीम खान काम करके घर पहुंचा तब उसे भतीजी ने बताई कि पापा नजिम खान ने उसे शराब के नशे में मारपीट किये है। 2:30 बजे कलीम खान घर आया उस समय उसका बड़ा भाई नजीम खान शराब के नशे में था और उसने कलीम खान से वाद विवाद कर उसे मारपीट कर, दांत से उसके सिने, आंख, दाहिने हाथ में कांट दिया। नजिम खान द्वारा मारपीट करने से उसकी भतीजी को भी नाक में चोटे आई थी। उसके बाद कलीम खान अपनी भतीजी के साथ इलाज करवाने के लिए आटो से जिला अस्पताल बालाघाट पहुंचे। जिला अस्पताल पुलिस ने कलीम खान का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्रवाई हेतु कोतवाली भिजवा दी है।


**पैसा ठीक होने के बाद देना**
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
**पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना**
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464








स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस कार्यालय, काली पुतली चौक, बालाघाट(म.प्र.) से प्रकाशित,
**प्रधान संपादक : उमेश बागरेचा**, मो.नं. :9425138710, , ई-मेल- balaghatexpress@gmail.com पंजीयन क्रं. MPHIN/2009/32311, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट